**न्यूज ब्रीफ**

### पंचायत में मनाई संविधान निर्माता की जयंती

**खुदागंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत सभागार में संविधान निर्माता की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आरंभ नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया। नागरिकों और वक्ताओं ने उनके विचारों, संघर्षों और समाज के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम में सभासद सौरभ गुप्ता, विनोद सिंह, परवेज खां, रमेश कुमार सहित समस्त सभासद और नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक का संकल्प नगर में लगेगी प्रतिमा

**खुदागंज, अमृत विचार :** मोहल्ला नयागंज में आंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश यादव ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कहा कि यदि 2027 में उन्हें क्षेत्र की सेवा का अवसर मिला तो नगर में बाबा साहब की भव्य प्रतिमा स्थापित कराई जाएगी। कार्यक्रम में राजेश बाथम, जिला पंचायत सदस्य जगदीश गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह, ताहिर अली, पप्पू सिंह, सत्यनारायण कोहली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### तिलहर में विभिन्न स्थानों पर जयंती कार्यक्रम

**तिलहर, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। बिरियागंज अंबेडकर चौक पर सांसद अरुण सागर सहित भाजपा नेताओं और स्थानीय लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। सांसद ने कहा कि बाबा साहब ने सभी को समान अवसर और समानता का अधिकार दिलाने का काम किया। मिर्जापुर में ब्लॉक प्रमुख कविता यादव सहित अन्य नेताओं ने माल्यार्पण किया। खिरिया उदैत, हरनोखा, परसैली, दूल्हा ढकिया और गुलाम खेड़ा में भी कार्यक्रम हुए। तहसील सभागार में एसडीएम सदानंद सरोज और तहसीलदार दीपेंद्र कुमार ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### माल्यार्पण कर निकाली पदयात्रा

**कलान, अमृत विचार :** कासिमनगला और खालसा गांव में आंबेडकर जयंती पर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख गेंदनलाल गुप्ता और समाजसेवी आलोक प्रताप सिंह भोला ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला और प्रेरणा लेने का आह्वान किया। जबर सिंह, प्रमोद सक्सेना, लक्ष्मणपुर धुनी लाल, धर्मेंद्र यादव, भूपेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जुही गांव में जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव और भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में पदयात्रा निकाली गई।

### महाविद्यालय में समारोह आयोजित

**खुदागंज, अमृत विचार :** ठाकुर रोशन सिंह संगठक राजकीय महाविद्यालय नवादा दरोबस्त में आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डॉ. अनुज सक्सेना ने चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि आंबेडकर के विचार समाज में समानता और शिक्षा का संदेश देते हैं। डॉ. महिपाल सिंह, डॉ. सतीश शुक्ला, डॉ. बीपी सिद्धार्थ, डॉ. कर्मवीर कुमार गौतम सहित अन्य शिक्षकों ने विचार रखे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### बुद्धा पार्क से तिकुनियां तक रैली निकाली

**खुटार, अमृत विचार :** बुद्धा पार्क से तिकुनियां तक रैली निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। रैली अटल चौराहा और मुख्य बाजार होते हुए तिकुनियां पहुंचकर समाप्त हुई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह मौजूद रहे।

# आंबेडकर जयंती पर समानता, न्याय और अधिकारों पर जोर

## कलेक्ट्रेट से लेकर राजनीतिक दलों व संस्थानों में दी गई श्रद्धांजलि, विचार गोष्ठियां आयोजित, प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जिलेभर में श्रद्धा और उत्साह देखने को मिला। कलेक्ट्रेट, राजनीतिक दलों के कार्यालयों, गांवों, संस्थानों और सामाजिक संगठनों की ओर से बाबा साहब के चित्र व प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। में वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष, संविधान निर्माण और सामाजिक न्याय में योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया।

स्थानीय घंटाघर स्थित डॉ. आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर अंबेडकर जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में हुए समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश प्रसाद ने की, जबकि संचालन एसपी कॉलेज के इतिहास प्रवक्ता राम सिंह ने किया। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, विशिष्ट अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर, ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीडीओ ऋषिपाल सिंह, गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक प्रवीण कुमार कपिल, भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र और एडीएम वित्त अरविंद कुमार समेत अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि दी। अधिकारियों ने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता स्थापित की जा सकती है।

**पुष्पांजलि एवं भोजन वितरण कार्यक्रमः** अभाविप की कैंट नगर इकाई के पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि एवं भोजन वितरण किया। कैंट नगर सोशल मीडिया संयोजक शिवांग शुक्ला, अनूप, अमित, अनिकेत एवं रजत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


बाबा साहब के जीवन पर विचार रखते प्रशासनिक अधिकारी। • अमृत विचार


कार्यालय पर माल्यार्पण करते कांग्रेस नेता। • अमृत विचार


प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण करते सांसद अरुण कुमार सागर। • अमृत विचार

### सपा कार्यालय पर दी श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बाबा साहब की 135वीं जयंती मनाई गई। नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उनके जीवन व विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान संविधान निर्माण के समय किए गए संकल्पों पर भी चर्चा की गई। अध्यक्षता करते हुए सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि बाबा साहब ने देश को सामाजिक समानता का रास्ता दिखाया और विज्ञान व तकनीक के जरिए देश के विकास का सपना देखा था। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बाबा साहब एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। एमएलसी अमित यादव ने कहा कि बाबासाहब भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, लेखक और समाज सुधारक थे। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद, सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह आदि रहे।

**गांवों में सपा ने किया आयोजन:** ददरौल के ग्राम शाहबाज नगर सेक्टर नंबर 39 और ब्लॉक भावल खेड़ा के ग्राम उदियापुर सेक्टर नंबर 04 में बाबा साहब की जयंती पर हुए कार्यक्रम में सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खानसमेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष लल्ला सिंह यादव, सेक्टर प्रभारी गुफरान खान, जॉन प्रभारी मोहम्मद शाहनवाज, जॉन प्रभारी जबर सिंह यादव, अक्षय कुमार, नीरज गौतम, मोर सिंह यादव, सूरजपाल गौतम, आशाराम, मकरंद सिंह, अमित कुमार गौतम, बाबूराम, बालक राम गौतम, रामबाबू प्रजापति, रामकुमार गौतम आदि रहे।

**आंबेडकर पार्क में किया नमन:** कैंट स्थित आंबेडकर पार्क में जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे डॉ. विनय सक्सेना के नेतृत्व में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में सचिन कुमार, विवेक गुप्ता, कुनाल वर्मा, सत्यम प्रजापति सहित अन्य लोगों ने भाग लिया और बाबा साहब के योगदान को याद किया।

### कांग्रेस ने जिलेभर में बाबा साहब को किया नमन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संविधान निर्माता की जयंती पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के निर्देश पर जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों और नगर अध्यक्षों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए गए। टाउनहॉल स्थित कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में विचार गोष्ठी कर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र दीक्षित ने कहा कि बाबा साहब एक विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, रणनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने दलितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और स्वतंत्र भारत के पहले विधि एवं न्याय मंत्री बने। जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार ने बताया कि उन्होंने जातिगत भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और बहिष्कृत हितकारी सभा की स्थापना की। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कांग्रेस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफाक उल्ला खां, पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, पूनम पांडेय, बिंदेश्वरी राज, अर्चना कटारिया, नूरे सहर बी, संजय सक्सेना, गौरव त्रिपाठी, रामजी अवस्थी, अदीब अहमद, अतीत बागी, मनीष कोरी, प्रत्यूष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, संतोष गुप्ता, एडवोकेट राकेश आनंद, महेंद्र कुमार त्रिपाठी, विजय सिंह, इकबाल अंसारी, अखलेश पाल, फैसल आसिफ खान, यूसुफ खान रहे।


डॉ. आंबेडकर जयंती मनाते सपा पदाधिकारी। • अमृत विचार

### रेडक्रॉस ने जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित रेड क्रॉस कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंद लोगों को दैनिक उपयोग के वस्त्र वितरित किए गए। इस दौरान वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और रेडक्रॉस के सेवा सिद्धांतों के बीच समानता पर प्रकाश डालते हुए मानव सेवा, समानता और गरिमा के महत्व को रेखांकित किया। सचिव डॉ. विजय जोहरी ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने समाज के लोगों से सेवा कार्यों में भाग लेने की अपील की। बालकृष्ण पांडे, ब्रजेश गुप्ता, मीनू मिश्रा, रामकुमार वर्मा, नेत्र दिव्यांग विनोद कल्लू, रेशमा, राजकुमार, सुनीत, अजीता सहित विभिन्न विकास खंडों के सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### छात्रावास व वृद्धाश्रम में मनाई गई आंबेडकर जयंती

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास खिरनीबाग में कार्यक्रम का संचालन कवि डॉ. इंदू अजनबी ने किया। इस अवसर पर सांसद अरुण सागर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मालती देवी, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा और छात्रावास अधीक्षक सोमलता मौजूद रहे। सभी ने चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान पर विचार रखे। छात्राओं ने गीत प्रस्तुत कर बाबा साहब के कार्यों को प्रस्तुत किया। इसी क्रम में वृद्धाश्रम में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद कृष्णाराज ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### महापौर और नगर आयुक्त ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर नगर निगम की महापौर, नगर आयुक्त व अधिकारियों ने बाबा साहब को आदर व श्रद्धा के साथ माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में महापौर अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्र ने डॉ. आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके महान योगदान को श्रद्धा पूर्वक स्मरण किया।वक्ताओं ने बाबासाहेब के विचारों, समानता, न्याय और सामाजिक सशक्तिकरण को आत्मसात करने का संदेश दिया। उनके सिद्धांत आज भी समाज को एक सशक्त, समावेशी एवं प्रगतिशील दिशा प्रदान करते हैं। इस दौरान निगम के अधिकारी, कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारतीय योग संस्थान का 60 वां स्थापना दिवस मनाया


भारतीय योग संस्थान के स्थापना दिवस पर योग करते साधक। • अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

• साधकों ने किया योगाभ्यास

**अमृत विचार :** दयानंद योग केंद्र की ओर से भारतीय योग संस्थान का 60 वां स्थापना दिवस और बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

समारोह का आरंभ मां सरस्वती, भारतीय योग संस्थान के संस्थापक प्रकाश लाल तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। डॉ. देशबंधु ने सरस्वती वंदना के बाद विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। सत्य प्रकाश तिवारी ने पद्मासन तथा गहरी लंबी श्वास का अभ्यास, राजेश कुमार शुक्ला ने ताड़ासन, अवधेश दीक्षित ने अर्ध चक्रासन, कुमकुम गुप्ता ने सूर्य नमस्कार, प्रदीप गुप्ता ने कोण आसन, सुधीर मिश्रा ने ध्यान कराया।

डॉ.मयंक भूषण पांडे ने नियमित योग अभ्यास के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। कुमकुम गुप्ता, शशि वर्मा, अर्चना गुप्ता एवं सुमन तिवारी ने भजन प्रस्तुत किए। जिला प्रधान पवन सिंह ने नियमित योग को अपनाने की शपथ लेने का आह्वान किया। योग साधकों को पट्टिका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय प्रधान सुधीर मिश्रा ने प्रार्थना और शांति पाठ करवाया। आभार केंद्र प्रमुख राजेश कुमार मिश्रा ने जताया।

### डीएम ने अटल सहजन वन का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** विकास खंड भावलखेड़ा के ग्राम तुर्की खेड़ा में स्थापित अटल सहजन वन का डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को निरीक्षण किया।

सहजन के पौधों की बढ़त का जायजा लेकर अधिकारियों को देखरेख, पेड़ों के आसपास की मिट्टी को सुरक्षित रखने, कमजोर पौधों को बांस की डंडियों से सहारा देने और जहां पौधे नहीं पनप पाए हैं वहां दोबारा रोपण कराने के निर्देश दिए। वन में ड्रिप एरिगेशन और सोलर पंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने वन की स्थिति पर संतोष जताते हुए मुख्य द्वार पर बने केयरटेकर कक्ष की पुताई कराने के निर्देश दिए। ग्राम तुर्की खेड़ा स्थित गोशाला में साफ-सफाई और देखरेख की सराहना की। दो टीन शेड बनाने और चारा भूमि पर वृक्षारोपण के लिए स्वाइल टेस्ट कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक सहित अन्य अधिकारी, ग्राम प्रधान और ग्रामीण मौजूद रहे।

# जयंती पर धूमधाम से निकाली आंबेडकर शोभा यात्रा

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** मंगलवार को डॉ. आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वावधान में गुरु रविदास पूजा स्थल रामबाग सरायकाइयां में भगवान बुद्ध, बाबा साहब, संत गाडगे एवं सन्त शिरोमणि गुरुदास की प्रतिमाओं के समक्ष बुद्ध वंदना कर सभी ने पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया।

शोभा यात्रा का आरंभ विशिष्ट अतिथि डॉ. एमपी सिंह, अमर चंद जौहर, डॉ. वाईपी गौतम, विनय अग्रवाल, भगवन्त राम बाबूजी एवं अध्यक्ष मंगरेलाल ने पंचशील ध्वज दिखाकर किया। शोभायात्रा में बाबा साहब, भगवान बुद्ध, गुरु रविदास, संत गाण्डगे, विरसा मुंडा, मान्यवर कांशीराम, सम्राट अशोक, महात्मा ज्योतिवाराव फुले, सावित्री भाई फुले, भारत माता आदि की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा के दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राएं, युवक-युवतियां बैंड बाजे की धुन पर बाबा साहब के गीत गाते व नारे लगाते नृत्य करते हुए चल रहे थे।


रामबाग सरायकाइयां में शोभा यात्रा की शुरुआत करते अतिथि व पदाधिकारी। • अमृत विचार

• सावित्री भाई फुले, भारत माता आदि की झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

शोभा यात्रा गुरु रविदास पूजा स्थल रामबाग सरायंकाईयां से शुरू होकर पक्का पुल, केरूगंज चौराहा, बहादुरगंज, सदर बाजार होते हुए कचहरी से जीआईसी के खेल मैदान में पहुंचकर जनसभा में परिवर्तित हो गई। सभा की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मंगरेलाल और संचालन समिति के महामंत्री बृजेश कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सियाराम दिनकर ने किया। देर रात तक सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किए गए।

# शिक्षा नीति और शिक्षा-स्वास्थ्य समन्वय पर मंथन

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में प्रिंसिपल मीट 2026 के तृतीय चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, उपप्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने भाग लिया, जहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। यह आयोजन शिक्षा क्षेत्र के साथ विवि और विद्यालयों के बीच समन्वय स्थापित करने का माध्यम बना।

अध्यक्षता प्रतिकुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने की। मंच पर उपकुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पाल, मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कर्नल रविंद्र नाथ शुक्ला, फार्मेसी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. प्रदीप सिंह, नर्सिंग कॉलेज के उपप्रधानाचार्य दीपक पचौरी, एलाइड हेल्थकेयर साइंसेज की नेहा गुप्ता और फॉरेंसिक साइंसेज की प्रभारी एशिका सक्सेना उपस्थित रहीं।


प्रिंसिपल मीट 2026 में उपस्थित प्रतिकुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, शिक्षाविद व अन्य। • अमृत विचार

• वरुण अर्जुन विवि में प्रिंसिपल मीट 2026 का तृतीय चरण संपन्न

• प्रधानाचार्यों ने सहभागिता कर नई शिक्षा नीति पर की चर्चा

प्रतिकुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने रोहिलखंड हॉस्पिटल की चिकित्सा सुविधाओं, डायग्नोस्टिक मशीनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी दी। कहा कि विवि का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास में योगदान करना है। उपकुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पाल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाते हुए आईक्यूएसी सेल की भूमिका पर प्रकाश डाला।

विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संस्थानों में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की जानकारी दी। डॉ. कर्नल रविंद्र नाथ शुक्ला, डॉ. प्रदीप सिंह, दीपक पचौरी, नेहा गुप्ता और एशिका सक्सेना ने शिक्षा प्रणाली में हो रहे बदलावों को साझा किया। कार्यक्रम में सतेंद्र कुमार, अनुपम गौतम, नीरज, छाया, ओमेंद्र सिंह, बाबुल राठौर, राकेश कुमार यादव, अंजुल यादव, सुरेंद्र गौतम सहित कई शिक्षाविद मौजूद रहे। अंत में प्रतिकुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विवि भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

### कोरी समाज ने डॉ.आंबेडकर को किया याद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कोरी / कोली समाज की ओर से मोहल्ला ताजू खेल घंटाघर स्थित नीलकंठ शिव मंदिर पर आयोजित समारोह में संगठन के पदाधिकारियों ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि कर नमन किया। जिलाध्यक्ष राम अवतार कोरी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव को दूर करने और शोषित समाज को अधिकार देने के लिए संघर्ष किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख व गन्ना विकास समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल, महानगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार, संजय कुमार संखवार, कन्हैयालाल, मनीष कुमार, श्री कृष्ण, आशीष कुमार, राजेश कुमार, रमेश कुमार, मुकुंद कुमार, आलोक, गोविंद राम, आकाश कुमार, प्रेमपाल आदि उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने घंटाघर स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि की।

### युवाओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** कस्बे में पत्रकार शिवशंकर दीक्षित के प्रतिष्ठान पर ब्राह्मण समाज के युवाओं ने गणितज्ञ आचार्य पंडित आर्यभट्ट की जयंती मनाई। लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके वैज्ञानिक योगदान को याद किया। वक्ताओं ने आर्यभट्ट के जीवन और उनके द्वारा दिए गए गणितीय सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ पत्रकार शिवशंकर दीक्षित ने कहा कि आर्यभट्ट विश्व के महान गणितज्ञ थे, जिन्होंने विज्ञान और गणित के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया। सौरभ पांडेय, गौरव पालीवाल, मनोज पांडेय, राकेश पालीवाल, राजीव कुमार, अतुल गुप्ता, विनोद कुमार दीक्षित उर्फ लाला, अंशुल शुक्ला, शिवम पांडेय, त्रिलोकीनाथ पांडेय, अभिषेक पांडेय, विशाल पांडेय, अवनीश दीक्षित, मुकेश दीक्षित, नित्यप्रकाश पांडेय, विमलेशचंद्र पाठक, शिवप्रसाद पांडेय, गणेश मिश्रा, नारायण देव मिश्र, राजीव दीक्षित और प्रेमशंकर पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

### बाबा साहब ने दिखाया बंधुत्व का मार्ग

**निगोही, अमृत विचार :** पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कार्यालय पर हुए कार्यक्रम में कहा कि बाबा साहब ने समाज को समता और बंधुत्व का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम में कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आईटीआई में कार्यक्रम आयोजित

**जलालाबाद, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए। अतीश गुप्ता, मनदीप, अमोघ वर्मा, हुमाना आजमी, निहारिका यादव, सुधीर भारती, रचना, वर्तिका, अमित यादव, वीरू ने विचार रखे।

### बच्चों को बताए बाबा साहब के आदर्श

**सिंधौली, अमृत विचार :** मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल और ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन अछूत, वंचित, अल्पसंख्यक और मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। प्रधानाचार्य इरम मंसूरी, कोआर्डिनेटर जशनप्रीत कौर तुरना, वाइस प्रिंसिपल शिवम वर्मा, कार्यालय प्रभारी कृष्ण पाल, कार्यवाहक प्रधानाध्यापक सर्वेश सिंह चौहान, आसना सिंह चौहान, शिवांगी वर्मा, रीता चौहान, मनीषा चौहान, सोनम मिश्रा, रोमाना खान, गुलाफ्शा, शहजादी, वासुदेव सिंह चौहान, ऋषभ पाल, अनुपम शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ज्ञानेंद्र व असगर को आंबेडकर सम्मान



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर की 135 वीं जयंती पर साहित्यिक संस्था नजर मेमोरियल सोसायटी की ओर से कवि सम्मेलन एवं मुशायरा तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंगलवार की शाम को मोहल्ला हाथी थान स्थित शिक्षक व उर्दू लेखक इरफान अहमद अंसारी के आवास पर आयोजित समारोह में सामाजिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ कवि ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान तथा शिक्षक व शायर असगर यासिर को डा. बीआर अम्बेडकर सम्मान-2026 प्रदान कर सम्मानित किया गया। दोनों को शाल ओढ़ाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शहीद अशफाक उल्ला खां के प्रपौत्र अशफाक उल्ला खां, शायर वसीम मीनाई, संस्था अध्यक्ष हमीद खिजर, गुलिस्तां खान, सैयद शारिक अक्स, सगीर इशरत, परवेज अहमद खां आदि उपस्थित रहे। इसके बाद कवियों और शायरों ने सामाजिक विषय पर रचनाएं प्रस्तुत कर प्रशंसा बटोरी। अंत में आयोजक हमीद खिजर ने आभार व्यक्त किया।

### जयंती पर हुई बुद्ध वंदना, दी श्रद्धांजलि



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** दि बुद्धिस्ट सोसाइटी की जिला शाखा के तत्वावधान में पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार में बुद्ध वंदना के उपरांत सोसायटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुराने आवास विकास कॉलोनी स्थित डॉ. आंबेडकर उद्यान, घंटाघर स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क, बेरी चौकी स्थित तथागत गौतम बुद्ध पार्क, लोधीपुर व हथौड़ा बुजुर्ग स्थित विभिन्न उद्यानों में माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि करते हुए हथौड़ा स्थित यशोधरा बुद्ध विहार में समापन हुआ। प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक गौतम, संस्कार प्रमुख तोताराम धम्माचार्य, प्रदेश महामंत्री सत्यपाल वर्मा, शाहजहांपुर जिलाध्यक्ष महेश चंद्र गौतम, महामंत्री विनोद कुमार छावला, योगेश कुमार, उपाध्यक्ष ग्यारीलाल, राजीव कुमार वर्मा, विनोद सम्राट, सन्तोष कुमार प्रभाकर, वरिष्ठ साहित्यकार ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, अखिलेश बौद्ध, सुनील बाबू, रितेन्द्र कुमार आदि सम्मिलित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाने के उप निरीक्षक सचिन कुमार ने बताया कि अभियुक्त रामसरन व अशोक पाल सिंह निवासी नयागांव नरायनपुर थाना मदनापुर के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने दोनों को मंगलवार को गुलौला चौराहे से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। अभियुक्त रामसरन के खिलाफ पहले से दो मुकदमे दर्ज है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला विजयपुर रेती निवासी रामकुमार ने आरोपी निखिल दीक्षित समेत दस लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों ने उसे बांका मारकर घायल कर दिया था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी को तारीन गाड़ीपुरा जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने आरोपी से बांका बरामद किया है।

### पॉक्सो एक्ट में आरोपी का चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाने के उप निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि 6 मार्च को अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने विवेचना में पॉक्सो एक्ट आदि की धारा बढ़ाई थी। पुलिस ने अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### शातिर गिरफ्तार, शस्त्र बरामद

**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां थाने के उप निरीक्षक जाकिर खां ने बताया कि मंगलवार को पुरैना के शमशान घाट जाने वाले मार्ग पर शातिर अभियुक्त संदीप शुक्ला निवासी कटका थाना पुवायां को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किया है। अभियुक्त पर पहले से पांच केस दर्ज है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

### ट्रेन में जेवर व रुपये चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बिहार राज्य के विष्णुपुर चांदनी चौक निवासी चिंटू कुमार ने जीआरपी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 20 जनवरी 26 को पत्नी के साथ ट्रेन में सफर कर रहे थे। शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने पर किसी ने उसकी पत्नी का पर्स चुरा लिया। पर्स में सोने की चेन, दुर्गा का लॉकेट, कान की बाली और दस हजार रुपये थे। प्रभारी निरीक्षक रमा शंकर यादव ने बताया कि जांच की जा रही है।

# हादसे में युवक की मौत, परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

## ट्रैक्टर ने मारी थी बाइक सवार संजय को टक्कर, चालक पर रिपोर्ट दर्ज करवाने की मांग पर अड़े परिजन, आश्वासन पर खोला

संवाददाता, जलालाबाद/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेस वे पर ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गुस्साए परिजनों ने चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर पुर्रना गांव मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पर शव रखकर जाम लगा दिया। सीओ जलालाबाद ने रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।



मृतक संजय।

जलालाबाद क्षेत्र के गांव मुरैना निवासी संजय कुमार(34) जलालाबाद में एक बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर काम करता और रोजाना बाइक से दुकान जाता था। सोमवार की रात आठ बजे वह दुकान से घर लौट रहे थे। गंगा-एक्सप्रेस वे पर ककरा गांव के सामने हाइड्रा से पोल गाड़ने वाले ट्रैक्टर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार संजय कुमार घायल हो गया। चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची ओर घायल को सीएचसी भेज दिया। डॉक्टर ने रात ही में मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रास्ते में संजय कुमार की मौत हो गई। परिजन शव ले गाए और चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार सुबह पुरैना मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली में शव रखकर जाम लगा दिया। इस दौरान दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह फोर्स के साथ मोड़ पर पहुंचे और समझाने का प्रयास किया। कांट और मिर्जापुर थाना का फोर्स भी पहुंच गया। सीओ जलालाबाद ने आश्वासन दिया कि रिपोर्ट दर्ज करके चालक को गिरफ्तार किया जाएगा तब परिजन माने और जाम खोला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



शव रखकर जाम लगाने के दौरान रोते- बिलखते परिजन व मौजूद अन्य। ● अमृत विचार

### डेढ़ साल में तीसरी मौत

संजय कुमार के परिवार वालों ने बताया कि पिछले डेढ़ साल में उनके परिवार में तीसरी मौत है। करीब डेढ़ साल पहले संजय के छोटे भाई की पत्नी की डिलीवरी के दौरान, उसके करीब तीन महीने बाद संजय के पिता की बीमारी से और अब संजय की मौत हो गई। पत्नी शशि और दो बच्चों समेत पूरा परिवार रो रोकर बेहाल है।



मौके पर मौजूद तीन थानों का फोर्स। ● अमृत विचार

# ट्रैक्टर ट्रॉली-कार की टक्कर में सात घायल

● खुटार-पुवायां रोड पर हुआ हादसा, ट्रैक्टर चालक व चार श्रमिक फरार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** खुटार-पुवायां रोड पर गांव अठकोना मोड़ पर सोमवार रात करीब दस बजे गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

दुर्घटना में ट्रॉली पर सवार पीलीभीत के पूरनपुर के गांव रामपुर के मजरा महाराजपुर निवासी जयराम, विवेक, राजेश कुमार और थाना माधोटांडा के गांव गुलाबटांडा निवासी शाकिर शाह, कोहनूर, संजीव और कार सवार कस्बा पुवाया के गांव उमरिया कल्याणपुर निवासी कुलवीर सिंह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक चार श्रमिकों सहित फरार हो गया। हादसे की जानकारी पर भारी संख्या में भीड़ जुट गई। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने घायलों को 108 सेवा एंबुलेंस से खुटार सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने शाकिर शाह, राजेश कुमार, संजीव की हालत गंभीर देख जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि अन्य घायलों की मरहम पट्टी करने के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

मजदूरों ने बताया कि सोमवार रात लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी के गांव सुंदरपुर से गेहूं भरे बोरों को ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर पूरनपुर जा रहे थे। करीब दस श्रमिक गेंहू भरे बोरों पर बैठे थे। तभी अठकोना मोड़ के पास सामने आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद गेंहू भरी ट्रॉली खाई में पलट गई लेकिन ट्रैक्टर के कुंडे से जुड़ी रही। हादसे में छह श्रमिक घायल हो गए। उधर, राजवीर सिंह ने बताया कि उनके पिता कुलवीर सिंह साथी के साथ कार से खुटार की ओर से घर लौट रहे थे। परिजनों ने घायल कुलवीर सिंह को गंगसरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने बाहर ले जाने की सलाह दी। उनका इलाज शाहजहांपुर में चल रहा है। जबकि कार सवार साथी हादसे में बच गया। इधर, दुर्घटना की जानकारी पाकर घायलों के परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक व अन्य मजदूरों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

### हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीतापुर जिले के पिसावा थाना क्षेत्र के गांव सैंजकला निवासी सियाराम(40) रविवार को गांव के रोहित के साथ बाइक से सल्लिया गांव में स्थित ननिहाल में तिलक समारोह में गए थे। वह रात में गांव लौट रहा था। रास्ते में जेबीगंज के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को पसगवां सीएचसी भेज दिया। गंभीर घायल सियाराम को शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। मंगलवार की सुबह सियाराम की मौत हो गई। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और शादी नहीं हुई थी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# युवक की मथुरा में सड़क हादसे में मौत

● प्रेमानंद महाराज के दर्शन को वृंदावन गया था गुरमीत सिंह

● परिजनों ने खुटार थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव मंडनपुर कला में रहने वाले बलवीर सिंह ने 6 अप्रैल को खुटार थाने में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनका बेटा गुरमीत सिंह(40) 5 अप्रैल को बाइक से वृंदावन में प्रेमानंद जी महाराज के दर्शन करने की बात कह कर घर से निकला था। उसने बाइक शाहजहांपुर में रहने वाले एक रिश्तेदार के यहां खड़ी कर दी थी। ट्रेन से वृंदावन के लिए निकल गया। वृंदावन पहुंचने के बाद फोन कर अपने वृंदावन पहुंचने की जानकारी 6 अप्रैल को दी थी। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया परिजनों ने कई बार संपर्क साधने का प्रयास किया। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद 6 अप्रैल को खुटार थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दी थी। सोमवार को परिजन गुरमीत की तलाश करते हुए मथुरा के थाना छाता क्षेत्र में पहुंचे जहां पुलिस ने उन्हें हाईवे पर अज्ञात अवस्था में मिली एक लाश के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 7 अप्रैल को एक अज्ञात लाश मिली थी। जिसे दो दिन मोर्चरी में रखने के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। उसके पास से मिले कुछ कागजात, आधार कार्ड और कुछ कपड़े पुलिस के पास मौजूद हैं। पुलिस ने आधार कार्ड दिखाया, तब पिता बलवीर सिंह ने मृतक की पहचान गुरमीत सिंह के रूप में की। पुलिस के मुताबिक 7 अप्रैल को हाईवे पर खड़े उक्त अज्ञात युवक ने वाहन के आगे छलांग लगा दी थी। जिससे वह उसे रौंदता हुआ आगे निकल गया था और युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सड़क दुर्घटना में दो भाई घायल

**पुवायां, अमृत विचार :** पुवायां थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया कुर्रियात निवासी दीपक अपने भाई दुपेश के साथ मंगलवार की सुबह पुवायां जा रहे थे। रास्ते में बाइक साइकिल से टकरा गई, जिससे दोनों भाई घायल हो गए। सूचना पर परिवार और पुलिस वाले मौके पर पहुंच गए और दोनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। चिकित्सक के अनुसार दोनों घायलों की हालत ठीक है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कटिया डालते समय करंट से झुलसा युवक इलाज के दौरान मौत

**निगोही, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम मोहरतला निवासी संजीव(45) पुत्र सियराम की मंगलवार रात करीब 9 बजे 11 हजार की हाईटेंशन लाइन पर कटिया डालते समय करंट लगने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

बताया गया कि संजीव रात के समय गांव में लाइन पर कटिया डाल रहा था, तभी वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे सीएचसी निगोही ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉ. ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नहर में मिला लापता युवक का शव

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** निगोही क्षेत्र के लापता युवक का शव नहर में सड़ी अवस्था में मिला। वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। परिजन हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

निगोही क्षेत्र के गांव गुलड़िया चकझाऊ निवासी आकाश यादव(19) सिंधौली क्षेत्र में कटिया बुजुर्ग में ईंट भट्ठे पर काम करता था। परिजनों ने बताया कि 8 अप्रैल की शाम घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया। परिजन उसे तलाश करते रहे और कहीं पता न चलने पर 10 अप्रैल को निगोही थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार की शाम गरगैया ओर रखिया गांव के बीच घाटबोझ रजवाहा नगर में लोगों ने एक शव पड़ा देखा जो शव सड़ गया था। सूचना पर सिंधौली पुलिस मौके पर पहुंची ओर शव को नहर से बाहर निकलवाया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने निगोही थाना से संपर्क किया। रामसुधार परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और शिनाख्त बेटे आकाश के रूप में की है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

● भट्ठे पर मजदूरी करता था चार दिन से लापता आकाश

### युवक लापता, तलाश में जुटी पुलिस

**तिलहर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला हिंदूपट्टी निवासी निगोही ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी राकेश वर्मा ने बताया कि सोमवार की सुबह वह ड्यूटी पर चले गए थे। घर पर पुत्र अभिनव वर्मा था। उन्होंने बताया कि जब वह वापस आए तो पुत्र घर पर मौजूद नहीं था। काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लगा। अनहोनी की आशंका के चलते पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस टीम युवक की तलाश में जुटी है। अभिनव को खोजने के लिए उसके फोन की सीडीआर निकाली जा रही है, साथ ही सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है। कोतवाली प्रभारी जुगुल किशोर पाल ने बताया कि पुलिस की एक टीम लगाई गई है।

# प्रेमी-प्रेमिका ने जहर खाकर दी जान, गांव में सनसनी

● युवक का पोस्टमार्टम, युवती का बिना सूचना अंतिम संस्कार किया

● पहले युवक ने खेत पर खाया जहर फिर युवती ने उठाया कदम

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सिंधौली के एक गांव में प्रेमी और प्रेमिका ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, जबकि युवती के परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

सोमवार शाम 25 वर्षीय युवक दोस्त के साथ खेत पर काम कर रहा था। इसी दौरान जहरीला पदार्थ खाने से उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सिंधौली सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टर ने राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। देर रात इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इसी बीच युवक के घर से करीब ढाई सौ मीटर दूर रहने वाली 22 वर्षीया युवती को युवक के जहर खाने की सूचना मिली तो उसने भी जहरीला पदार्थ खा लिया और रात में किसी समय उसने दम तोड़ दिया।

मंगलवार सुबह युवती के परिजनों ने आनन-फानन में बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया। बताया जा रहा है कि युवती की शादी तय थी, उसका तिलक चार दिन बाद होना था और इसी माह के अंतिम सप्ताह में विवाह होना था। गांव में दोनों के बीच प्रेम प्रसंग की चर्चा है, हालांकि युवक के परिजन कुछ भी बताने को तैयार नहीं हैं।

प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह अस्पताल से युवक की मौत का मेमो मिलने पर शव का पोस्टमार्टम कराया। युवती के मामले में ई सूचना नहीं मिली है और न ही तहरीर आई है। जांच कर रहे है।

# बीच बचाव पर दांतों से चबा ली चाचा की अंगुली

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** पुवायां क्षेत्र के गांव नवाबपुर गंगा निवासी उर्वेश की शादी साढ़े चार साल पहले निगोही क्षेत्र की लक्ष्मी के साथ हुई थी। उसकी एक छह माह की बेटी है। उर्वेश शराब पीने के बाद आए दिन पत्नी को मारता पीटता था। मंगलवार की शाम पांच बजे उर्वेश शराब पीकर घर आया और पत्नी को पीटने लगा।

चीख सुनकर उर्वेश की चाची प्रियंका बचाने के लिए आई तो वह चाची के साथ गाली गलौज करने लगा। उसके चाचा ब्रजेश दोनों को बचाने गए तो उसने चाचा की दांतों से अंगुली चबा दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने घायल ब्रजेश को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। पुवायां प्रभारी निरीक्षक रवि करन ने बताया कि भतीजे ने चाचा की अंगुली चबाकर अलग कर दी। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# घोटाला: बर्खास्त अफसर की लखनऊ में दो कारें कुर्क

● लखनऊ पुलिस और रामचंद्र मिशन पुलिस की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लखनऊ पुलिस और रामचंद्र मिशन पुलिस ने बर्खास्त समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की लखनऊ में दो कारें कुर्क की है। दोनों कारों की कीमत 15 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। इससे पहले भी लखनऊ में संपत्ति सीज की जा चुकी है। गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की है। आरोपी ने समाज कल्याण विभाग में करोड़ो का घोटाला किया था।

2022 में तत्कालीन समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार निवासी तुलसीपुर कुडवा थाना मोहम्मदाबाद जिला मऊ ने कर्मचारियों के साथ मिलकर करीबियों के खातों का उपयोग कर वृद्धावस्था पेंशन के लगभग 2 करोड़ 52 लाख 39 हजार रुपये का गबन किया था। सदर बाजार थाना में आरोपी अधिकारी समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। सभी आरोपियों का चालान कर दिया था। एक सप्ताह पहले भी रामचंद्र मिशन व लखनऊ पुलिस ने एक कार, एक गेस्ट हाउस को कुर्क किया था। अब लखनऊ में बर्खास्त अधिकारी की दो कारों को कुर्क किया है। दोनों वाहनों को थाना में खड़ा करा दिया गया। उन पर पहले से दो मुकदमे दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी बर्खास्त अधिकारी पहले गिरफ्तार किया जा चुका था। उसके खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट भेजी गयी थी। आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी है। टीम में रामचंद्र मिशन थाना के उप निरीक्षक सुनील कुमार, सचिन भारती, लखनऊ के उप निरीक्षक संदीप कुमार, कुलदीप भाटी, हर्ष यादव आदि स्टाफ शामिल था।

## न्यूज डायरी

### शाहजहांपुर इंजीनियरिंग वर्क्स व प्रयास क्रिकेट अकादमी ने जीते मैच



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कृभको फर्टिलाइजर मैदान पर शाहजहांपुर क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंडर 16 क्रिकेट लीग में मंगलवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में शाहजहांपुर इंजीनियरिंग वर्क्स ने क्राउन क्रिकेट अकादमी को 80 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शाहजहांपुर इंजीनियरिंग वर्क्स ने 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 178 रन बनाए। रोहित ने 71 रन, अंशुल ने 33 रन, यश यादव ने 16 रन बनाए। क्राउन अकादमी की ओर से गौतम चंद्र ने पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में क्राउन की टीम 30 ओवरों में 98 रन बना पाई। यासिर ने 20 रन बनाए। शाहजहांपुर इंजीनियरिंग वर्क्स की ओर से कप्तान यश यादव ने तीन विकेट, सौरव और नवनीत ने दो-दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच यश यादव बने। दूसरे मैच में प्रयास क्रिकेट अकादमी ने एलीट क्रिकेट अकादमी को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हरा दिया प्रयास क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवरों में 9 विकेट होकर 146 रन बनाए युवराज ने 59 रन बनाए। एलिट क्रिकेट अकादमी की ओर से आरव श्रीवास्तव ने 5 विकेट लिए दूसरी पारी में लाइट क्रिकेट टीम 30 ओवरों में सभी विकेट खोकर 145 रन बना पाए। दिव्यांश ने 59 रन बनाए। प्रयास अकादमी की ओर से दक्ष शर्मा ने तीन विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच दक्ष शर्मा रहे। अंपायर पंकज तिवारी और आकाश गुप्ता रहे। मुख्य अतिथि पार्षद अब्दुल सत्तार लाले ने मैन ऑफ द मैच को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक, अमित चौधरी, वत्सल, फिरोज खान, रजत शर्मा, प्रीतेश दीक्षित, आहद उपस्थित रहे। शाहजहांपुर कोऑर्डिनेटर डॉ मनोज यादव ने बताया कि 16 अप्रैल को बॉक्स क्रिकेट अकादमी और आयुष क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला जाएगा।

### रामचंद्र मिशन आश्रम में ध्यान मंडप का निर्माण शुरू



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में पचास वर्षों की स्वर्णिम आध्यात्मिक यात्रा के महापर्व के तहत मिश्रीपुर स्थित आश्रम परिसर में ध्यान मंडप के निर्माण कार्य का आरंभ किया गया। फरवरी में आयोजित बसंत उत्सव के बाद अब संस्थापक महात्मा रामचंद्र महाराज बाबूजी की 127वीं जयंती पर 29 अप्रैल से 1 मई तथा 4 मई से 6 मई तक दो चरणों में भव्य जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जो मिशन के अध्यक्ष और हार्टफुलनेस मेडिटेशन के ग्लोबल गाइड दाजी के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। ध्यान मंडप निर्माण के लिए पिलर की आधारशिला मिशन के उप्र प्रभारी अनुपम अग्रवाल, प्रशिक्षक अशोक कुमार गर्ग, आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह और राजगोपाल अग्रवाल की ओर से रखी गई। इससे पहले सामूहिक ध्यान कर कार्यक्रम को आध्यात्मिक गरिमा के साथ संपन्न किया गया। इस अवसर पर अनुपम अग्रवाल ने कहा कि यह मेडिटेशन हाल केवल साधना का स्थान नहीं, बल्कि हृदय से हृदय को जोड़ने वाला सेतु बनेगा। आश्रम प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि यह ध्यान मंडप मिशन की साधना परंपरा का प्रतीक होगा, जिसने दशकों से मानवता को प्रेम, सरलता और आंतरिक शांति का मार्ग दिखाया है। प्रशिक्षक इंजीनियर अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि हाल का निर्माण साधना की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है, जिसमें करीब 6 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। कार्यक्रम में राजगोपाल अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, ममता सिंह, मंजुला गर्ग, सुयश सिन्हा, सुरेंद्र मोहन सिन्हा, कृष्णा भारद्वाज, राजीव सपरा, विकास, प्रतिमा, अमन, विशाल, रईस खान सहित अनेक साधक मौजूद रहे।

### पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** 27 अक्टूबर 2025 से 10 अप्रैल 2026 तक चले पुनरीक्षण अभियान के सफल समापन पर कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ईआरओ, एईआरओ और सुपरवाइजरों को सम्मानित किया गया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सभी को सम्मानित किया और उनके कार्य की सराहना की। इस अवसर पर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची को डीईओ पोर्टल पर उपलब्ध करा दिया गया है, जिससे आमजन आसानी से अपने विवरण की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त एईआरओ मौजूद रहे। विधानसभा 136 ददरौल के एसडीएम संजय पांडेय, अति सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अहमद मुबीन, मुकेश कुमार वर्मा, निवेदिता ठाकुर, सुरेंद्र कुमार यादव, रंजना तथा विधानसभा पुवायां के एईआरओ सहायक अभियंता सुरेंद्र राठौर, शिवांग त्रिवेदी, मुंतजिर, जगत मोहन जोशी और रामकुमार गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कंबाइन से निकली चिंगारी, 500 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, मीरानपुर कटरा

**अमृत विचार :** कटरा क्षेत्र के पोसिल, पलिया और नवादा गांवों में भीषण आग से गेहूं की सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख हो गई। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब 500 बीघा से अधिक तैयार फसल नष्ट हो गई, जिससे पचास से अधिक किसानों को नुकसान हुआ है।

दोपहर करीब एक बजे पलिया गांव में खेतों में कंबाइन मशीन से गेहूं की कटाई चल रही थी। मशीन से निकली चिंगारी ने सूखी फसल को चपेट में ले लिया। तेज हवा के चलते आग आसपास के खेतों में फैल गई।

आग ने पलिया, पोसिल और नवादा के राजस्व क्षेत्र में करीब एक हजार बीघा भूमि को प्रभावित किया, हालांकि इनमें से लगभग आधे खेतों की कटाई पहले ही हो चुकी थी। करीब 500 बीघा में खड़ी गेहूं की तैयार फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। खेतों में खड़ी नरकुल (सूखी घास) ने भी आग को और तेजी से फैलने में मदद की।

ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की भरसक कोशिश की। दमकल विभाग की गाड़ी करीब तीन घंटे बाद मौके पर पहुंची। तब तक किसानों की मेहनत धुएं में तब्दील हो चुकी थी। परिवारों में मायूसी और आक्रोश है। वहीं लेखपाल गौरव ने बताया कि सर्वे कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, ताकि पीड़ितों को मुआवजा दिलाया जा सके।

### शॉर्ट सर्किट से कॉस्मेटिक शोरूम में लगी आग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बहादुरगंज तिकुनिया के पास कॉस्मेटिक के शोरूम में आग लग गई। बाजार में अफरा-तफरी मच गयी। दमकल यूनिट ने आग पर काबू पाया। आग से करीब एक लाख रुपये का नुकसान हो गया।

सदर बाजार थाना क्षेत्र में बहादुरगंज तिकुनिया स्थित न्यू यू नामक कॉस्मेटिक शोरूम है। एक साल पहले खुले शोरूम में कई कर्मचारी काम करते है। मंगलवार की शाम पांच बजे एक केबिन में अचानक धुआं निकलने लगा। देखते-देखते आग लग गई जिसने विकराल रूप धारण कर लिया। कर्मचारी डर के कारण शोरूम से बाहर भाग आए। संचालक को फोन पर सूचना दी। बाजार में अफरा-तफरी मच गई। आस-पास के दुकानदारों ने शटर गिरा दिए। सदर बाजार थाना और अग्निशमन कार्यालय को सूचना दी गई। अग्निशमन अधिकारी बीएन पटेल दो दमकल वाहन लेकर पहुंच गए और एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। शोरूम में रखा सारा कॉस्मेटिक का सामान जल गया। बताते है कि करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

### भीषण अग्निकांड में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अग्निशमन सेवा सप्ताह के आरंभ पर अग्निशमन कार्यालय परिसर में शोक परेड का आयोजन किया गया। शहीद हुए अधिकारी और कर्मचारियों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर अग्नि वाहनों को आग की रोकथाम के लिए रवाना करके जागरूक किया। एएसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने अग्निशमन केंद्र सदर पर अधिकारी व कर्मचारियों के साथ शोक परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद अग्निशमन कर्मियों को नमन करते हुए पुष्पांजलि दी गई। उनकी स्मृति दो मिनट का मौन धारण रखा गया। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल 1944 को समुद्री जहाज में हुए भीषण विस्फोट एवं अग्निकांड में अग्निशमन सेवा के लिए 66 जांबाज अधिकारी और कर्मचारी शहीद हो गए थे। यह स्मरणीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। परेड में एएसपी सिटी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी धीरेंद्र सिंह, अग्निशमन अधिकारी डॉ. बीएन पटेल एवं कर्मचारियों के फ्लैग लगाकर सम्मानित किया गया। पुवायां, जलालाबाद, कटरा, मिर्जापुर पर भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा साहब को नमन

**कादरचौक,अमृत विचार :** कस्बा सहित गांव गंगापुर खाम में आंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित कौशल कुमार और ग्राम प्रधान दिनेश कुमार ने बाबा साहेब को नमन कर माल्यार्पण किया। इस मौके पर शिव प्रताप, अनिल कुमार सागर, महिपाल सिंह सागर, शिव कुमार यादव लोग मौजूद रहे।

### फतनपुर टप्पा हवेली में मनी आंबेडकर जयंती

**सहसवान,अमृत विचार :** कस्बे में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। डॉ. आंबेडकर जन्मोत्सव समिति के नेतृत्व में फतनपुर टप्पा हवेली से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बुद्ध वंदना की गई। यह यात्रा मुख्य बाजारों से होकर गुजरी। इस मौके पर दुर्वेश कुमार, चरनसिंह, राजेंद्र कुमार, प्रवीन कुमार, दामोदर आदि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मना बाबा साहब का जन्मोत्सव

**वितरोई,अमृत विचार :** ग्राम कोल्हाई और ज्योरा पारवाला में आंबेडकर जयंती में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कार्यक्रम डॉ. एन.पी.एस. सैलानी, ओमप्रकाश नायक आचार्य उमेश सिंह ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर राकेश नायक, वेदप्रकाश शर्मा, नरेंद्र यादव, सुनीता देवी, कुंती देवी, नन्हे सिंह यादव, मनोज कुमार, दुर्वेश कुमार मौजूद रहे।

### मनाई गई बाबा साहब की 135वीं जयंती

**ककराला,अमृत विचार :** कस्बे में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गयी। इस मौके पर मोहल्ला गढ़ी में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बाबा साहब के जीवन, शिक्षा और संविधान निर्माण में किये गए सराहनीय योगदान की जानकारी को लेकर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर ओमकार सिंह, मोहित गौतम, कुम्भकर्ण गौतम, संतोष गौतम, रामलाल गौतम, श्रीकृष्ण गौतम आदि उपस्थित रहे।

### मनाई अंबेडकर जयंती

**उस्मानपुर,अमृत विचार :** नगर पंचायत दहगवा में भारतीय संविधान के शिल्पी और भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। आंबेडकर भवन स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता व नरेश चंद्र गुप्ता द्वारा माल्यार्पण किया। थाना ज़रीफनगर क्षेत्र के गांव वस्तोई सिकरी में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गांव रसूलपुर कलां में ग्राम प्रधान गंगाधर सिंह, उस्मानपुर में भाजपा मयंक गुप्ता, अजय यादव ने पुष्पांजलि अर्पित की।

# बाबा साहब को अफसरों और राजनेताओं ने किया नमन

## जिले भर में धूमधाम से मनाई गई आंबेडकर जयंती, आंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले भर में आयोजित किए गए कार्यक्रम

- शहर से लेकर कस्बा और गांवों में आयोजित की गई शोभा यात्रा
- सरकारी कार्यालयों में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


संविधान निर्माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करती जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव।


शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा करती चेयरमैन फात्मा रजा। ● अमृत विचार


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सदर विधायक महेश गुप्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती जनपद में धूमधाम के साथ मनाई गई। शहर से लेकर देहात क्षेत्र में शोभा यात्राएं निकाली गईं। कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयंती पर राजनीतिक दलों के नेताओं ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यह क्रम दोपहर तक जारी रहा। वहीं दूसरी ओर कलेक्ट्रेट में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम अवनीश कुमार राय सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। सदर विधायक महेश गुप्ता ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

मंगलवार को डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के तत्वाधान में आंबेडकर का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया। भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भंते द्वारा बुद्ध वंदना प्रारंभ की गई। बुद्ध वंदना के बाद बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जो अनवरत दोपहर तक चलता रहा। सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद समिति की ओर से शहर में बैंड बाजों और सुसज्जित झाड़ियों के साथ शोभा यात्रा निकली। शोभा यात्रा पर जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा में शामिल झांकियां और बच्चों के स्कूली बैंड आकर्षण का केंद्र रहे। जगह-जगह पर लोगों ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों के लिए ठंडा पानी, शरबत, बूंदी के लड्डू, खिचड़ी भोज, खीर पूड़ी कोल्ड ड्रिंक आदि की व्यवस्था की थी। नगर पालिका प्रशासन की ओर से टिकटगंज में कैंप लगाया गया जिसमें चेयरमैन फात्मा रजा उपस्थित रहीं। उनके द्वारा शोभा यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। शहर के प्रमुख मार्गों पर घूमने के बाद शोभा यात्रा का गांधी ग्राउंड पर समापन हुआ। इसके बाद अंबेडकर पार्क में कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस मेवाराम चौधरी रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा न्याय स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के लिए कार्य किया। वे संपूर्ण भारत के मसीहा थे। उन्होंने ही भारत देश को एक बहुत ही अच्छा संविधान दिया। कार्यक्रम में नीटू सिंह, नरेश पाल सिंह, अतिराज सागर, विशाल अंबेडकर, महिपाल टंडन, पप्पू सिंह, अमित भास्कर, राजीव कुमार, अनिल कुमार सागर, आरपी त्यागी , ब्रह्मानंद बौद्ध, चिरंजी लाल, हेमेंद्र गौतम सहित सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। वहीं गद्दी चौक स्थित अंबेडकर पार्क एवं शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेसियों ने जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इनके अलावा ग्राम फतनपुर टप्पा हवेली व गंगापुर में आंबेडकर की प्रतिमा पर जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने माल्यार्पण किया। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पर बीएसए वीरेंद्र कुमार सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए गए। टिथोनस इंटरनेशनल स्कूल में भी आंबेडकर जयंती मनाई गई। राजकीय महाविद्यालय में आंबेडकर जयंती मनाई गई। प्राचार्य डा श्रद्धा गुप्ता ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। वरिष्ठ नेता भाजपा राम नरेश गौतम ने आंबेडकर पार्क पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

**म्याऊं:** आंबेडकर की जयंती के अवसर पर गांव इस्लामगंज में मंगलवार को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में अनुयायी शामिल हुए। डीजे, ढोल-नगाड़ों और बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में बाबा साहब की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कई स्थानों पर जलपान व शरबत की व्यवस्था भी की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

**करियामई:** गांव में आंबेडकर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सर्व समाज की एकजुटता और अपार उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ गांव के साप्ताहिक बुध बाजार स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस मौके पर मोरध्वज सागर, चन्द्र भान सागर,सरनाम सिंह,मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

**उझानी:** आंबेडकर जयंती पर नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। लोगों ने अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर शंकर गुप्ता, किशनचंद शर्मा, प्रेमचंद श्रीवास्तव, रामा देवी आदि उपस्थित रहे।

## अलापुर में निकली शोभायात्रा, सीकू भैया ने काटा फीता

**बदायूं, अमृत विचार :** संविधान निर्माता की जयंती पर अलापुर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शारदाकांत उर्फ सीकू भैया ने फीता काटकर आरंभ किया।


फीता काटकर शोभायात्रा का आरंभ करते शारदाकांत उर्फ सीकू भैया। ● अमृत विचार

बाबा साहब के विचारों को याद किया। विभिन्न संगठनों ने अपनी-अपनी आकर्षक झांकियों के माध्यम से बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों को दर्शाया। शोभायात्रा जाटवान चौराहा मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर होते धर्मशाला पर जाकर संपन्न हुई। अनुरोध गुप्ता, हेमंत कुशवाह, देवेन्द्र कश्यप, अल्ताफ हुसैन, सेवाराम, रामचरण, चिरौंजी, ओंकार, भगवंत राम, ओमप्रकाश, लाला राम, उदयवीर, राजकुमार, प्रेमराज आदि शामिल रहे। शोभायात्रा के संयोजक प्रमोद सागर ने आभार जताया।

### बाबा साहेब की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

**दातागंज,अमृत विचार :** आंबेडकर जयंती पर नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अभूतपूर्व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नगर के वार्ड नंबर 1 स्थित आंबेडकर पार्क में आयोजित मुख्य समारोह में क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह बब्बू भैया ने मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बाबा साहेब के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। नगर में प्रतिवर्ष की परंपरा को जीवंत रखते हुए इस बार भी विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर तेजपाल सागर, अंशुल सागर, हेमचंद गौतम, सुरेश गौतम, मोर सिंह, जसवीर राठौर, अनूप गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### आंबेडकर जयंती पर कस्बे में निकली शोभायात्रा

**इस्लामनगर,अमृत विचार :** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत करते हुए आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण किया। रथ पर सजी बाबा साहेब की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में एक दर्जन से अधिक आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इस दौरान जय भीम के नारों से वातावरण गूंज उठा। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पीएसी के जवानों के साथ इस्लामनगर थाना और अन्य थानों की पुलिस फोर्स भी मुस्तैद रही। कार्यक्रम में कस्बा एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बिल्सी विधायक ने बाबा साहब को किया नमन

**बिल्सी ,अमृत विचार :** बाबा साहब के 135 जन्मोत्सव पर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में कार्यक्रम आयोजित हुए। गांव गुधनी, बसंत नगर, ढकपूरा मीरापुर, कुरऊ, रमनगला, मिर्जापुर .आदि गावों में आयोजित कार्यक्रमों में बिल्सी विधायक हरीश शाक्य शामिल हुए। उनके द्वारा बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही कहा कि बाबा साहब ने अपने के ज्ञान, संघर्ष और अदम्य साहस के बल पर समाज में समानता, न्याय और मानवाधिकारों की मजबूत नींव रखी। भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूप में उनका योगदान सदैव अमूल्य रहेगा। कार्यक्रम में ओमप्रकाश सागर, महिपाल सागर, सूर्य प्रकाश सागर,राजू सागर,चरन सिंह सागर,मुनीश सागर,संजीव आदि उपस्थित रहे।


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व मंत्री आबिद रजा। ● अमृत विचार

## बाबा साहब जैसी महान शख्सियत गौरव की बात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बाबा साहब की जयंती पर पूर्व मंत्री आबिद रजा ने मोहल्ला नेकपुर और जिला अस्पताल सामने स्थित पार्क में माल्यार्पण किया।

उन्होंने कहा कि आज हिन्दुस्तान ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए बड़ा दिन है। आज के दिन हिंदुस्तान में बाबा साहब ने जन्म लिया। जिन्होंने गरीब, मजदूर, दलित, अल्पसंख्यक, शोषित, वंचित समाज के लिए जो संविधान लिखा। जिसकी वजह से देशवासियों को इंसाफ मिलता है। बाबा साहब जैसी महान शख्सियत देशवासियों के लिए गौरव की बात है।

# ...हर जीव है कुछ दिन का मेहमान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


आईएएस आयुष पाठक को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

- यूपीएससी में 215वीं रैंक हासिल करने पर आयुष पाठक सम्मानित

**अमृत विचार :** आईपीएस केवल खुराना स्मृति मंच की ओर से जोगीपुरा स्थित शक्ति टेंट हाउस पर काव्य गोष्ठी और अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिले के कई कवियों ने शिरकत की। मंच के संस्थापक अशोक खुराना वितान ने कहा कि शब्दों में खोजें नहीं, केवल का सम्मान, उसका शुद्ध कृतित्व ही है उसकी पहचान।

दिवंगत आईपीएस केवल खुराना की याद में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। शैलेंद्र देव मिश्र ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कामेश पाठक ने पढ़ा कि अटल सत्य मानो इसे समय बड़ा बलवान, धरती पर हर जीव है कुछ दिन का मेहमान। सुनील शर्मा समर्थ ने पढ़ा कि किसको यहां पता है अंजाम जिंदगी का, किस ठौर है ठिकाना क्या धाम जिन्दगी का। सुरेंद्र नाज ने सुनाया कि कागज पर अल्फाज के जुगनू छोड़ गए, वह अपने एहसास की खुशबू छोड़ गए। कुमार आशीष ने पढ़ा तुम जहां जिस रूप में भी हो विराजित, हम तुम्हारा ध्यान करते हैं यहीं से। विजय सक्सेना ने पढ़ा केवल केवल हैं नहीं आज हमारे बीच, याद हृदय में आज भी उन्हें रही है खींच। इनके अलावा देर तक चली इस गोष्ठी में महेश मित्र, प्रमोद पाठक, डॉ. गीतम सिंह, गुरुचरण मिश्र, विष्णु असावा, ओजस्वी जौहरी्र आदि ने काव्य पाठ किया। यूपीएससी में 215वीं रैंक हासिल करने वाले आईएएस आयुष पाठक का शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राम बहादुर व्यथित और संचालन सुनील शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि सतीश चंद्र शर्मा सुधांशु और विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कवि नरेंद्र गरल रहे। अंत में विवेक खुराना ने आभार व्यक्त किया।

# शहर में जगह-जगह लगा जाम, राहगीर पूरा दिन रहे परेशान

- कलेक्ट्रेट से रोडवेज और लालपुल तक तीन घंटे तक रहा रोड जाम
- पुलिस की सभी तैयारियां फेल रूट बदलकर भेजी गई बसें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


कलेक्ट्रेट रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर मंगलवार को शहर की सभी सड़कों पर जाम लगा रहा। वाहन चालक इधर से उधर निकलने को परेशान रहे। बाहर से आने वाली रोडवेज की बसें बाहर से ही वापस लौट गईं। पुलिस की ओर से की गई व्यवस्था पूरी तरह फेल रही। हर चौराहे पर घंटों जाम रहा जबकि कलेक्ट्रेट से लेकर लालपुल तक तीन घंटे तक जाम लगा रहा।

14 अप्रैल को हर साल आंबेडकर जयंती मनाई जाती है। गांव-कस्बों में जगह-जगह कार्यक्रम होते हैं। इसके बाद जिला मुख्यालय पर आंबेडकर शोभा यात्रा निकाली जाती है। मंगलवार को सुबह से ही आंबेडकर पार्क के चारो ओर वाहनों के काफिले जमा हो गए। गांव-देहात से आने वाले लोगों के वाहनों ने आम रास्ता रोक दिया जिससे शहरी जीवन अस्त-व्यस्त रहा।

परशुराम चौक से कलेक्ट्रेट तक करीब दो सौ वाहन जाम में फंसे रहे। पूर्वान्ह 11 बजे से जाम ने शहर की फ़िज़ा बिगाड़ दी। इस रोड पर जिला अस्पताल है। जिला अस्पताल गेट पर वाहनों की लंबी कतार लगी रहीं जिससे अस्पताल आने-जाने वालों को भारी परेशानी हुई। अस्पताल से वाहन बाहर नहीं निकल सके। मरीजों को काफी देर तक वार्ड से बाहर नहीं निकलने दिया गया। परशुराम चौक से कलेक्ट्रेट चौराहे तक बसों, कारों, ई-रिक्शा व ऑटो की लाइन लगी रही। कलेक्ट्रेट से जेल रोड होते हुए पुलिस लाइन चौराहा भी जाम हो गया। इस रोड पर वाहनों की कतार लग गई जिसके बाद कलेक्ट्रेट से पहले ही वाहन रोके गए। लालपुल से आने वाले वाहनों को इस्लामिया इंटर कॉलेज के निकट रोक दिया गया। इस रोड पर सैकड़ों वाहन जाम के शिकार रहे। पुलिस लाइन चौराहे पर दर्जन भर से अधिक पुलिस व होमगार्ड के जवान तैनात रहे, फिर भी यातायात व्यवस्था ध्वस्त रही। ओवरब्रिज से आने वाले वाहनों को इंदिरा चौक की ओर मोड़ा गया। इसके बाद अंदर तक वाहन पहुंचे लेकिन इंदिरा चौक से लेकर पुलिस लाइन तक रोडवेज की 18 से अधिक बसें व अन्य वाहन दो घंटे तक जाम का शिकार रहीं। डीएम कार्यालय के सामने से लालपुल और परशुराम चौक तक तीन घंटे जाम ने लोगों को रूलाया। शाम चार बजे के बाद वाहन निकले।

### पार्क के निकट रुके वाहनों ने बिगाड़ा खेल

जिला अस्पताल के ठीक सामने आंबेडकर पार्क है। इस पार्क में ही आंबेडकर जयंती मनाई गई इसलिए बाहर से आने वाले लोगों ने पार्क के आस पास अपने वाहन पार्क कर दिए इसलिए पूरा रोड दिन भर जाम से जूझता रहा। रोडवेज को जाने वाली बसें बीच रास्ते से ही लौट गईं। जबकि रोडवेज की बसें भी काफी देर बाद बाहर आ सकीं। आंबेडकर पार्क के पास दो दर्जन से अधिक पुलिस के जवान तैनात रहे फिर भी जाम से मुक्ति नहीं मिली। पुलिस केवल तमाशबीन की भूमिका में नज़र आई।

### शोभा यात्रा से भी बाधित रहा आवागमन

डाआंबेडकर जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान भी पुलिस बेबस नजर आयी। शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने ढोल-नगाड़ों पर नृत्य करते हुए रोड पर आवागमन बाधित कर दिया। जिला महिला अस्पताल गेट पर भी वाहनों को गुजरने नहीं दिया गया। भारी भीड़ ने पैदल चलने वालों को भी नहीं निकलने दिया। हालांकि, पुलिस ने लोगों को इधर-उधर से निकलने का रास्ता बनाया।

सहालग की तैयारी

इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य उपकरण की बढ़ने लगी मांग, सर्राफा बाजार में भी मंदी के बाद लौटने लगी रौनक

# आज से बजने लगेगी शहनाई, गुलजार हुए बाजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


दुकान से सोने-चांदी के आभूषण खरीदती महिलाएं। ● अमृत विचार


दुकान में बिक्री को रखे फ्रिज।

**अमृत विचार:** खरमास समाप्त हो गया है। बुधवार से लगन की शहनाई बजनी शुरू हो जाएगी। शादी-विवाह सहित सभी मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। 15 अप्रैल से 12 जुलाई तक विवाह के लिए शुभ मुहूर्त हैं। सहालग शुरू होते ही शादी-विवाह की तैयारियों को लेकर बाजार पूरी तरह से सज चुके हैं। दुकानों पर ग्राहकों की आमद होने लगी है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य उपकरण की मांग बढ़ गई है। साथ ही, सर्राफा बाजार में छाई मंदी के बाद रौनक लौटने लगी है।

24 फरवरी से तीन तक होलाष्टक और फिर 15 मार्च से खरमास की शुरुआत होने की वजह से मांगलिक कार्यों पर रोक लग गई थी। इसके बाद से सभी मांगलिक कार्य बंद थे। विवाह कार्यक्रम समेत कई आयोजन नहीं हो पा रहे थे। खरमास का समय समाप्त हो गया है। अब बुधवार यानि 15 अप्रैल से सभी मांगलिक कार्य शुरू हो जाएंगे। बंद शहनाई बजने लगेगी। पंडित पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि 14 अप्रैल को दिन में 11:45 पर सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में प्रवेश कर गए। इसी के साथ खरमास भी समाप्त हो गया। 15 अप्रैल से विवाह मुहूर्त शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अधिक ज्येष्ठ मास 17 मई से 15 जून तक रहेगा। अधिक मास में विवाह जैसे मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। प्रत्येक वर्ष चंद्र कैलेंडर 354 दिनों का होता है, जबकि सूर्य कैलेंडर 365 दिनों का होता है। अधिक मास 32 महीने और 16 दिन बाद आता है। इन दोनों के अंतर को संतुलित करने के लिए पंचांग में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है जिसे अधिक मास या पुरुषोतम मास या मलमास भी कहते हैं। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह में विवाह के लिए 15, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29 व 30 शुभ मुहूर्त रहेंगे। अप्रैल माह में नौ दिन व मई माह में 11, जून में सबसे अधिक 12 शुभ मुहूर्त होंगे। जुलाई माह में सात शुभ मुहूर्त हैं। उन्होंने बताया कि 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी होगी और चातुर्मास प्रारंभ होगा। इसके चलते विवाह कार्य रुक जाएंगे और 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी के बाद विवाह कार्य होंगे। 15 अप्रैल से शुरू हो रहे मांगलिक कार्य को लेकर शहर में बाजार में रौनक लौटने लगी है। परंपरागत सामान सहित कपड़ों की दुकानों पर लोग खरीदारी के लिए पहुंचने लगे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण की दुकानों पर रौनक लौट आई है। इलेक्ट्रॉनिक्स विक्रेता विकास मल्होत्रा ने बताया कि सहालग के मद्देनजर शादी से जुड़ी वस्तुओं की मांग बढ़ने लगी है। लोग फ्रिज, वॉशिंग मशीन व अन्य सामान खरीदने आ रहे हैं, वहीं सहालग में आभूषण, कपड़ों व बर्तन के कारोबार ने भी तेजी पकड़ ली है।

### मैरिज लॉन होने लगे तैयार

सहालग शुरू होते ही शहर में बने मैरिज लॉन भी तैयार होने लगे हैं। कई दिनों से बंद पड़े मैरिज लॉन में साफ-सफाई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इसके अलावा वाहनों के पार्किंग को व्यवस्था भी संचालकों की ओर से कराई जा रही है जिससे समारोह के दौरान जाम न लगे।

### सहालग में रहेगा गैस का संकट

सहालग के पकवान बनाने के लिए गैस सिलेंडर का संकट मंडरा रहा है। प्रशासन की ओर से प्रति परिवार अधिकतम आठ सिलेंडर देने की सीमा तय करने से जरूरतमंदों के सामने संकट खड़ा हो गया है। हालांकि शादी कार्ड दिखाने के बाद गैस सिलेंडर दिए जाने के लिए प्रशासन की ओर से गैस एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी एजेंसी संचालक मनमानी कर रहे हैं।

# वरिष्ठ साहित्यकार नरेंद्र गरल को मिलेगा विपुलम सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- विपुलम सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं देश के नामचीन वरिष्ठ कवि


वरिष्ठ कवि नरेंद्र गरल।

**अमृत विचार :** तहसील बिल्सी के कस्बा निवासी वरिष्ठ कवि नरेंद्र गरल को उनके कई साल तक उनके साहित्यिक योगदान को देखते हुए लखनऊ में लगभग बीस साल से आयोजित विपुलम कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह में विपुलम सम्मान दिया जा रहा है। यह सम्मान हर साल एक वरिष्ठ कवि को दिया जाता है। इस सम्मान से देश के नामचीन कवि सम्मानित हो चुके हैं।

वरिष्ठ कवि गोपालदास नीरज, ओम प्रकाश आदित्य, सोम ठाकुर, माणिक वर्मा, वसीम बरेलवी, कुंअर बेचैन, हरिओम पवार, सुरेंद्र शर्मा, उदय प्रताप सिंह, संतोषानंद जैसे दिग्गजों को यह सम्मान मिल चुका है। नरेंद्र गरल साहित्य सभा की बदायूं इकाई के संरक्षक भी हैं। उन्हें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सम्मानित करेंगे। उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के नवीन कार्यकारणी सदस्य डॉ. कमला माहेश्वरी, मंजुल शंखधार, डॉ. प्रतिभा मिश्रा, डॉ. राम बहादुर व्यथित, अंजलि अग्रवाल, कुमार आशीष, डॉ. निशि अवस्थी, डॉ. उपदेश शंखधार, डॉ. शुभ्रा माहेश्वरी ने हर्ष व्यक्त किया। सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सोनरूपा विशाल व 2026-27 के लिए मनोनीत उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के संयोजक गीतम सिंह ने चयन के लिए उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के प्रधान डॉ. सर्वेश अस्थाना का आभार व्यक्त किया है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# स्कूलों में तीन मुद्रकों की किताबों से ही कराई जाएगी पढ़ाई

## निर्धारित प्रकाशकों के अलावा अन्य किताबें मिलने पर विद्यालयों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शासन की ओर से सूचीबद्ध तीन मुद्रकों की किताबों से पढ़ाई कराने के दिए हैं आदेश
- महंगी और निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिए विवश कर रहे निजी स्कूल

**अमृत विचार:** निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान हैं। महंगी किताबों की वजह से उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। अभिभावकों के द्वारा शिक्षा विभाग और प्रशासन से निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने की अपील की गई। अभिभावकों की परेशानियों और शिकायतों के बीच शिक्षा विभाग ने बड़ा फैसला लिया है। जिले के निजी स्कूलों में शासन से निर्धारित तीन मुद्रकों की किताबों से ही पढ़ाई कराई जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्कूलों को जारी किए गए निर्देश में आदेश दिया है कि निर्धारित प्रकाशकों के अलावा अन्य किताबें मिलने पर संबंधित विद्यालयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शासन की ओर से स्कूलों को एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई कराने के निर्देश हैं। लेकिन निजी स्कूल अतिरिक्त कमाई करने और निजी प्रकाशकों को लाभ पहुंचाने के लिए महंगी और उनके द्वारा निर्धारित दुकानों से किताबों की खरीद करा रहे हैं। एनसीईआरटी आधारित कक्षा एक किताबों का मूल्य सौ से लेकर दो सौ रुपए है, वहीं निजी प्रकाशकों की किताबें डेढ़ से दो हजार में खरीद कराई जा रही है। स्कूलों के मनमाने तरीके से उत्पीड़न किए जाने पर अभिभावकों के द्वारा शिक्षा विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की जा रही है। यह शिकायतें शासन स्तर पर पहुंच रही हैं। मिल रही शिकायतों पर गौर करते हुए शासन की ओर से सूचीबद्ध तीन तीन मुद्रकों मै. पायनियर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, सिकंदरा आगरा, मै. सिंघल एजेंसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, बीएन वर्मा रोड लखनऊ और मै. पीताम्बरा बुक्स प्रा.लि., औद्योगिक क्षेत्र बिझौली झांसी की किताबों से पढ़ाई कराने के आदेश कर दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक को आदेश दिए हैं कि अगर इन प्रकाशकों के अलावा अन्य प्रकाशकों की किताबें मिलने पर संबंधित विद्यालय के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जिस पर डीआईओएस ने विद्यालयों को पत्र जारी कर निर्धारित मुद्रक प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई कराने के आदेश दिए हैं। चेतावनी दी कि स्कूल में अन्य प्रकाशन की किताब मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूलों में लगेंगे पुस्तक मेला

डीआईओएस ने बताया कि अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम करने और स्कूल संचालकों की मनमानी रोक लगाने के लिए पुस्तक बिक्री के नियम कड़े किए गए हैं। शासन की तरफ से चयनित प्रकाशकों की पुस्तकें ही बाजार में बिकेंगी और इन्हीं एनसीईआरटी आधारित पुस्तकों से पढ़ाई कराई जाएगी। साथ ही स्कूलों में पुस्तक मेलों का आयोजन कर अधिकृत पुस्तकें बच्चों को उपलब्ध कराई जाएंगी।

### 36 विषयों की लागू की गई हैं 70 पुस्तकें

डीआईओएस ने बताया कि निर्धारित मुद्रक प्रकाशन की हाईस्कूल स्तर पर कक्षा 9 और 10 की अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान सहित प्रमुख विषयों तथा इंटरमीडिएट स्तर पर कक्षा 11 और 12 की अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, इतिहास, भूगोल, नागरिकशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, लेखाशास्त्र, मनोविज्ञान और गृह विज्ञान समेत कुल 36 विषयों की 70 पाठ्यपुस्तकें लागू की गई हैं। इसके अलावा कक्षा 9 से 12 तक हिंदी, संस्कृत और उर्दू विषयों की 12 चयनित पुस्तकें भी सभी राजकीय, सहायता प्राप्त तथा वित्त पोषित विद्यालयों में अनिवार्य की गई हैं।

> शासन की ओर से सूचीबद्ध तीन मुद्रक प्रकाशकों की किताबें शासन से लागू की गई हैं। किताबें उपलब्ध कराने को विद्यालयों में मेलों का आयोजन कराया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारियों और स्कूलों के प्रधानाचार्य व संचालकों को निर्धारित पाठ्य पुस्तकों से पढ़ाई कराने के आदेश दिए गए हैं।
> **-लालजी यादव**, डीआईओएस

# श्याम भवन में हुआ श्याम बाबा का संकीर्तन

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या एक पटवा कॉलोनी स्थित श्याम भवन पर सोमवार की रात एकादशी पर्व के उपलक्ष्य में खाटू श्याम बाबा के संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बाबा श्याम के भजनों पर जमकर झूमे। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यहां सबसे पहले खाटू श्याम बाबा का आकर्षक और भव्य ढंग से श्रृंगार किया गया। भवन के सेवादार शिवम माहेश्वरी ने विधि-विधान से बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ कराया। जैसे ही भजन-कीर्तन शुरू हुआ, श्याम प्रेमियों ने बाबा के जयकारों के साथ गीत गाकर अपनी आस्था प्रकट की। संकीर्तन के दौरान "हारे के सहारे, श्याम हमारे जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण भी किया गया। इस मौके पर कई श्रद्धालु मौजूद रहे। इधर, नगर के मुख्य सब्जी मंडी के सामने स्थित श्री श्याम भवन एवं तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई स्थित खाटू श्याम बाबा के मंदिर पर भी संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# गंगा में डूबे बच्चों के परिजनों को बंधाया ढांढस



खजुरा पुख्ता में पीड़ित परिवार से बात करते सांसद नीरज मौर्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, उसहैत

- गंगा में नहाते समय हो गई थी तीन बच्चों की मौत
- सांसद ने कहा, सीबीआई जांच की करेंगे मांग

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरा नगला पुख्ता में नहाते समय गंगा में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई थी।

मंगलवार को सपा सांसद नीरज मौर्य ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया, दुख की इस घड़ी में कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इसके बाद सांसद ने ग्राम खेड़ा जलालपुर में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने बाबा साहब डॉ आंबेडकर के बताये रास्ते पर लोगों को चलने की सलाह दी और उनके विचारों को अपनाते की बात कही। सपा सांसद नीरज मौर्य ने पत्रकारों के सवाल पर सैजनी एचपीसीएल प्लांट पर हुए डबल मर्डर मामले में कहा अधिकारियों का ट्रांसफर करना ही काफी नहीं है। पुलिस को पहले से घटना का पता था, आगामी संसद सत्र के दौरान संसद में इस घटना की सीबीआई जांच की मांग करने की बात कही हैं। मालूम हो कि पिछले दिनों गंगा नदी में नहाने गये तीन बच्चों की मौत हो गई थी।

# आंबेडकर जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा

**संवाददाता, वजीरगंज, अमृत विचार:** बाबा साहब के 135वे जन्मोत्सव पर कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा कस्बे के बिल्सी रोड स्थित अंबेडकर पार्क से शुरू हुई।

जो कि कस्बे भर में घूमी। शोभायात्रा का आयोजन अंबेडकर संघ के तत्वाधान में किया गया था। शोभायात्रा में बैंड बाजे, बाबा साहब और भारत माता की झांकी के साथ दो दर्जन से अधिक अन्य झांकियां शामिल रहीं। शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। थाना पुलिस शोभा यात्रा की सुरक्षा एवं सुचारू यातायात के लिए मुस्तैद दिखाई दी।

# वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित था बाबा साहब का जीवन : राजीव गुप्ता

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारत रत्न, भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के महान अग्रदूत बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भाजपा ने जगह-जगह कार्यक्रम किए। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने दातागंज के मोहल्ला परा स्थित आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया, वहीं सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने नगर, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने दातागंज नगर, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने ग्राम पंचायत गुधनी, रमनगला में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को स्मरण किया। जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने बूथों पर पुष्पांजलि दी। भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर उनके आदर्शों व विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।



डॉ आंबेडकर को नमन करते भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता।



चेयरमैन के कैंप कार्यालय पर केक काटते वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता।

जिलाध्यक्ष ने कहा बाबा साहब डॉ. आंबेडकर ने अपने अद्वितीय ज्ञान, संघर्ष और दूरदर्शिता के बल पर समाज के वंचित व पिछड़े वर्गों को न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समरसता, समानता और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लेना चाहिए। सदर विधायक ने कहा डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की मजबूत नींव है। दातागंज राजीव कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब का संपूर्ण जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक रहा है। उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताया और समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर दिलाने का कार्य किया। बिल्सी विधायक ने कहा बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा स्थापित मूल्यों, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को अपनाकर ही हम एक सशक्त और संगठित राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, ओमप्रकाश सागर, गोपाल शर्मा, रचित साहू, राजेश कुमार उर्फ झंडू भैया, तेजपाल सागर, रवि बाबू आदि लोग उपस्थित रहे।

### केक काटकर मनाई बाबा साहब की जयंती

**बदायूं, अमृत विचार :** नगर पंचायत रुदायन मे केक काटकर जयंती मनाई गई। हर बूथ पर बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। चेयरमैन सीमा चौधरी के कैंप कार्यालय पर वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने केक काटा। लोगों से बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इसके अलावा वार्ड 3 के मोहल्ला रुदेना में बूथ अध्यक्ष अखिलेश कुमार के आवास पर सजावट के साथ बाबा साहब साहब को पुष्पांजलि दी गई। शक्ति केंद्र प्रभारी संजीव गुप्ता मंत्री, अशोक यादव फौजी, डॉ. अजीत मोहन, नरेश गुप्ता, श्रीपाल, नरेंद्र गुप्ता, गौरव गुप्ता, राम सिंह, अमजद खान, अखिलेश शर्मा, विद्या रतन चौधरी, महेंद्र पाल गुप्ता, गोविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### अल्पसंख्यकों का सुरक्षा कवच है संविधान

**बदायूं, अमृत विचार :** सांसद आदित्य यादव ने विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पार्टी कार्यालय, उझानी, शहर के पार्क, बिल्सी के होली चौक, मोहल्ला पांच, सहसवान, फैजगंज बेहटा आदि पहुंचकर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सहसवान के गांव गंधरौली में सांसद ने कहा कि बाबा साहब का जीवन केवल व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का प्रतीक है। जिन्होंने देश के करोड़ों वंचित, शोषित और दलित वर्ग को अधिकार दिलाने का कार्य किया। संविधान देश की आत्मा है, जो हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। संविधान केवल दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज की ताकत और सुरक्षा कवच है। कहा कि केंद्र सरकार संविधान की मूल भावना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। बाबा साहब के संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के बारे में बताया। सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, विधायक राम खिलाड़ी यादव व ब्रजेश यादव व हिमांशु यादव, पूर्व विधायक हाजी बिट्टन, भूपेंद्र दद्दा, उदयवीर शाक्य, विधायक हिमांशु आदि मौजूद रहे।

# अवैध खनन करने वाली दो ट्रैक्टर-ट्राली सीज

कुंवरगांव, संवाददाता

**अमृत विचार :** क्षेत्र में अवैध खनन का खेल काफी समय से चल रहा है। गरुइया में कई दिनों से चल रहे खनन का वीडियो सामने आने के बाद बाद खनन विभाग हरकत में आया और मौके पर छापेमारी करते हुए एक मशीन और दो ट्रैक्टर पकड़ कर सीज कर दिए।

मंगलवार को अवैध खनन की सूचना मिलने पर खनन अधिकारी गुलशन कुमार अपनी टीम के साथ गरूईया गांव पहुंचे, अनुमति मिट्टी खनन का कार्य जारी मिला। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एक हाइड्रोलिक मशीन और दो ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर कुंवरगांव थाने लाकर खड़ा करा दिया गया। टीम ने तीन वाहनों को सीज कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र में काफी समय से अवैध खनन का कारोबार चल रहा था, लेकिन जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। वीडियो वायरल होने और मामला सोशल मीडिया के जरिए उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद ही कार्रवाई संभव हो सकी। इस घटना ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती तो अवैध खनन पर पहले ही रोक लग सकती थी।

# सवा लाख किसानों ने नहीं कराई फार्मर रजिस्ट्री, बिक्री में आएगा संकट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- फार्मर रजिस्ट्री सरकारी योजनाओं के लाभ के लिए आवश्यक, ब्लॉकों पर लग रहे हैं कैंप

**अमृत विचार:** फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों की समस्याएं बढ़ने वाली हैं। न वह गेहूं की बिक्री कर पाएंगे और न ही उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल पाएगा। जिले के 4,31,816 कृषक किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे हैं। इनमें से करीब सवा लाख किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। हालांकि कृषि विभाग की ओर से रजिस्ट्री के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ब्लॉकों पर शिविर लग रहे हैं। इसके बाद भी किसान दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

जिले में किसान सम्मान निधि का लाभ ले रहे सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री होनी हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी किसान इस कार्य में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। चूंकि सम्मान निधि लेने वाले सभी किसानों की रजिस्ट्री होनी हैं। इसके लिए 31 अप्रैल तक अभियान भी चल रहा है। इसके बाद रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को शासन की ओर से मिल रही योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाएगा। किसान अपना गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच पाएंगे।

> फार्मर रजिस्ट्री करवाना सभी किसान के लिए अनिवार्य है। जिन किसानों के द्वारा अभी तक रजिस्ट्री नहीं कराई है वह जल्द से जल्द करा लें। न कराने पर उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा। **-मनोज कुमार**, उप कृषि निदेशक

### किसान इस तरह से करा सकते हैं फार्मर रजिस्ट्री

उप कृषि निदेशक ने बताया जिन किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। वह ब्लॉकों पर लगने वाले शिविर में रजिस्ट्री करा सकते हैं या फिर आधिकारिक वेबसाइट पर या यूपी फार्मर रजिस्ट्री एप, जन सेवा केंद्र के माध्यम से आधार, खतौनी और आधार-लिंक मोबाइल नंबर का उपयोग कर करा सकते हैं।

### फार्मर रजिस्ट्री वालों को मिलेगा योजना का लाभ

उप कृषि निदेशक ने बताया कि अगर किसी किसान ने बैंक से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाना है, उसके लिए भी किसान को फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक कर दी गई है। इससे ऋण लेने में आसानी होगी। उसे किसी प्रकार के कागजात नहीं लगाने पड़ेंगे। किसान का पूरा डाटा इंटरनेट पर अपलोड कर दिया जाता है। साथ ही, किसानें को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, कृषि सब्सिडी, फसल नुकसान पर मुआवजा का भी लाभ मिलेगा।

### डिजिटल प्लेटफार्म है फार्मर रजिस्ट्री

समय के साथ खेती को भी सरकार डिजिटल कर रही है जिससे किसानों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। किसानों को किसी भी योजना की जानकारी व लाभ लेने के लिए अलग-अलग पोर्टल पर जाना पड़ता है। इसलिए किसानों की फार्मर रजिस्ट्री करा रही है।

फार्मर रजिस्ट्री एक तरह का डिजिटल प्लेटफार्म है जिसमें किसान की जमीन, फसल और व्यक्तिगत जानकारी एक जगह कराकर कहीं भी इसे देख सकता है।

### किसानों के सामने खाद का संकट

जिन किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, आने वाले समय में उन्हें खाद मिलने का संकट खड़ा हो जाएगा। साथ ही, क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जिले में अब तक करीब सवा लाख किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। इन किसानों को प्रशासन और कृषि विभाग लगातार जिम्मेदार फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए प्रेरित कर रहा है।

**लापरवाही** | निजी लैब की बढ़ रही संख्या, जांच के नाम पर हो रही वसूली, बिसौली और सहसवान क्षेत्रों अभी तक नहीं हुई चेकिंग

# स्वास्थ्य विभाग नहीं कस रहा अवैध पैथालॉजी पर शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** तमाम प्रयास के बाद भी स्वास्थ्य विभाग अवैध रूप से चल रही पैथोलॉजी लैब पर शिकंजा नहीं कर पा रहा है। गांव-देहात में चल रही लैब जांच के नाम पर जमकर अवैध वसूली कर रही हैं। सहसवान और बिसौली क्षेत्र में कहीं पर भी लैब की जांच नहीं की गई है जिससे हर गली चौक पर लैब खोली गई हैं।

गांव कस्बे में खुली पैथोलॉजी लैब से स्थानीय मरीज गर्मियों में ब्लड सैंपल की जांच कराते हैं। जांच के नाम पर तीन से पांच सौ रुपए तक वसूले जाते हैं। जांच रिपोर्ट में मलेरिया और डेंगू की पुष्टि की जाती है जिससे मरीज घबराकर झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाते हैं। सीएमओ कार्यालय से अवैध लैब की जांच के लिए पिछले महीने नोडल नियुक्त किए गए हैं जिन्होंने अभी तक कहीं पर भी जांच नहीं की है। बिसौली कस्बा तथा आस-पास के गांवों में दर्जन भर लैब संचालित की जा रही हैं। इनमें से 80 प्रतिशत बिना रजिस्ट्रेशन वाली हैं। इसी तरह, सहसवान में गली-गली में पैथोलॉजी लैब खोली गई हैं। यहां पर जांच के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है। मोहल्ला नयागंज स्थित पैथोलॉजी लैब में ब्लड की जांच कराने पर चार से पांच सौ रुपए लिए जाते हैं। अन्य स्थानों पर भी इसी तरह वसूली होती है।

जनपद में 131 रजिस्टर्ड पैथोलॉजी लैब हैं लेकिन बिना रजिस्ट्रेशन वाली लैब की संख्या पांच सौ से अधिक है। अवैध लैब के खिलाफ कागजी अभियान चलाया जाता है। कस्बा सैदपुर और वजीरगंज के लोगों ने बताया कि निजी लैब पर जांच कराने पर मलेरिया या फिर डेंगू की पुष्टि होती है जबकि सरकारी अस्पतालों में जांच कराने पर जांच रिपोर्ट सामान्य दिखाई जाती है।



लैब में काम करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### दातागंज समरेर ब्लाक क्षेत्र में संक्रामक रोग शुरू

दातागंज और समरेर ब्लॉक क्षेत्रों में संक्रमण फैल चुका है लेकिन सीएचसी पर जांच कराने पर रिपोर्ट सामान्य दिखाई जाती है। एक प्राइवेट डॉक्टर के अनुसार दातागंज और समरेर क्षेत्र में मलेरिया शुरू हो चुका है। मच्छरों की बढ़ती संख्या के चलते दोनों ब्लॉक क्षेत्रों में तीन सौ से अधिक मलेरिया मरीज हैं जो प्राइवेट डॉक्टरों से इलाज करा रहे हैं। दातागंज में निजी लैब से जांच कराने पर इसका खुलासा हुआ है लेकिन मरीजों की संख्या सरकारी आंकड़ों में दर्जन भर है। ऐसी स्थिति में प्राइवेट लैब संचालक क्षेत्र में फैली बीमारियों की पुष्टि कर रहे हैं।

> पैथोलॉजी लैब की जांच के लिए नोडल नियुक्त किए जा चुके हैं। क्षेत्र में छापेमारी अभियान शुरू हो चुका है। तीन लैब संचालकों को नोटिस दिए गए हैं जबकि अन्य के खिलाफ अभियान तेजी से चल रहा है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जा रही है। **-डा. मोहन झा**, प्रभारी सीएमओ

# पुरानी अनाज मंडी में किया जाए दुकानों का निर्माण

संवाददाता, उझानी

- सभासदों ने पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन
- कहा, पुरानी मंडी में हो गया अवैध कब्जा हटाया जाए

**अमृत विचार :** पुरानी अनाज मंडी में दुकानों का निर्माण कराने की मांग को लेकर बीस सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस जमीन से अवैध कब्जा हटाया जाए और दुकानों का निर्माण करा कर पालिका की आय बढ़ाई जाए।

मंगलवार को नगर पालिका परिषद के बीस सभासदों ने एकजुट होकर पालिका अध्यक्ष पूनम गुप्ता अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। सभासदों ने ज्ञापन में कहा कि पुरानी अनाज मंडी बड़े क्षेत्र में है जिस पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है अवैध तरीके से वहां पर सामान रखा है।उक्त जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए और नई दुकानों का निर्माण करा कर दुकानें आवंटित की जाए जिससे लोगों को रोजगार भी मिल सके। सभासदों ने बताया कि कुछ साल पहले 250 दुकान बनाने का एक बड़े कॉम्प्लेक्स निर्माण की शासन से मंजूरी मिली थी लेकिन वहां पर काम्पलेक्स नहीं बन सका जिसके बाद स्थानीय लोगों ने अवैध कब्जा कर लिए। ज्ञापन देने वालों में सभासद मीर जहां बेगम, सुनीता देवी, राजबती, राखी, सोनल, इसरार अहमद, प्रेमचंद, आदित्य शर्मा, कृष्ण भगवान यादव, मुन्नी देवी, नफीस अहमद, रक्षपाल सिंह, गजेन्द्र सिंह, अमित शर्मा, ममता देवी, रामादेवी, हीराज बेगम, अविनाश शर्मा आदि शामिल रहे।

# दोहरे हत्याकांड में आरोपी 50 हजार के इनामी समेत दो भाई गिरफ्तार

## हथियार बरामदगी के लिए ले गई थी पुलिस तो इनामिया ने की थी फायरिंग, पुलिस ने भी चलाई गोली

- 12 मार्च को प्लांट पर अधिकारियों की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी अजय प्रताप को मुहैया कराए थे हथियार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पुलिस और एसओजी ने एचपीसीएल के प्लांट पर हुए दोहरे हत्याकांड के साजिशकर्ता 50 हजार रुपये के इनामी समेत दो भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे फिरोजाबाद के नहरखी क्षेत्र से पकड़ा। पूछताछ के बाद हथियार बरामदगी के लिए पुलिस उसे सैंजनी गांव के पास ले गई जहां इनामिया ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायरिंग की। इसमें एक सिपाही घायल हो गया। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की। आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर 12 मार्च को दो अधिकारी सुधीर गुप्ता और हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुख्य आरोपी सैंजनी निवासी अजय प्रताप सिंह को मुठभेड़ के अगले ही दिन जेल भेजा था। अजय के सगे दो भाइयों ने सरेंडर किया था। हत्याकांड का साजिशकर्ता अजय प्रताप सिंह का तहेरा भाई अभय प्रताप सिंह उर्फ कल्लू पुत्र राकेश सिंह फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया जिसके बाद डीआईजी ने 50 हजार का इनाम घोषित किया। पुलिस और एसओजी समेत चार टीमें उसकी तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही थी। पुलिस अभय प्रताप सिंह और उसके भाई शिवम प्रताप सिंह को फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया। दोनों को थाना मूसाझाग लाया गया।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में उसने बताया कि वह जिन हथियारों के बल पर क्षेत्र में दबंगई, तहबाजारी व उगाही करता था। दोहरे हत्याकांड में उसने ही मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह को हथियार मुहैया कराए थे। भागते समय उसने सैंजनी के पास हथियार छिपा दिए हैं। वह हथियार बरामद करा सकता है। मूसाझाग के थाना प्रभारी सोमवार रात उसे बरामदगी के लिए गांव सैंजनी के के एसआर पेट्रोल पंप के पास ले गए जहां पहले से छिपाए गए लोडेड तमंचे से अभय प्रताप ने पुलिस पर फायर किया जिससे सिपाही प्रशांत घायल हो गए। पुलिस ने भी जवाब में फायरिंग की। अभय प्रताप सिंह के दोनों पैर में गोली लगी। वह घायल हो गया। उसके पास से 32 बोर की पिस्टल मय मैग्जीन, दो तमंचे, 10 जिंदा और 4 खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल सिपाही और उसे जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।


अस्पताल में भर्ती घायल सिपाही प्रशांत। ● अमृत विचार


मुठभेड़ के बाद आरोपी अभय प्रताप सिंह को ले जाते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

> आरोपी को जिला फिरोजाबाद से पकड़कर लाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि जिन हथियारों के बल पर वह अवैध वसूली, तहबाजारी, दबंगई करता था, वह दोहरे हत्याकांड में उसने अजय को मुहैया कराए थे। भागते समय उसने हथियार छिपा दिए थे जिसकी बरामदगी के लिए पुलिस उसे ले गई तो उसने पुलिस पर फायरिंग की। एक सिपाही घायल हुआ। जवाब में पुलिस ने फायरिंग की। आरोपी के दोनों पैर में गोली लगी। घायल सिपाही और आरोपी को भर्ती कराया गया है। **-रजनीश कुमार उपाध्याय**, सीओ सिटी।

### एक में दाखिल हुआ आरोप पत्र, बाकी की चल रही है विवेचना

आरोपी अभय प्रताप सिंह शातिर किस्म का है। उस पर बदायूं के अलावा बरेली में भी मामले दर्ज हुए। साल 2023 में बरेली के थाना विशारगंज में षड्यंत्र रचने, गलत तरीके से बंधक बनाने, जबरन वसूली, धमकाने आदि का मामला दर्ज हुआ था जिसमें पुलिस ने 20 नवंबर 2023 को आरोप पत्र दाखिल किया था। इससे पहले साल 2015 में उस पर अवैध हथियार रखने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। 25 नवंबर 2015 को आरोप पत्र दाखिल किया जिसमें वह दोषमुक्त हो गया था। इसके अलावा 2025 में थाना मूसाझाग में स्वेच्छा से चोट पहुंचाने, खतरनाक हथियारों का प्रयोग करने, आपराधिक धमकी देने, शांतिभंग के इरादे से अपमानित करने आदि की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। 24 अप्रैल 2025 को आरोप पत्र दाखिल किया गया था। इस मामले में विवेचना दोबारा चल रही है। अब हत्याकांड के बाद उस पर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान निवारण अधिनियम समेत कई मामले दर्ज हैं जिनकी विवेचना चल रही है। उससे पूछताछ में अन्य साजिशकर्ता के नाम भी सामने आ सकते हैं। साथ में पकड़े गए उसके भाई पर हत्याकांड के बाद आपराधिक अतिचार, जबरन वसूली, तोड़फोड़, आपराधिक साजिश, सार्वजनिक संपत्ति नुकसान अधिनियम निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज हुआ था।

# स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता खत्म, उपभोक्ताओं को विकल्प चुनने की छूट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


स्मार्ट मीटर पर चढ़ी माला।

- जिले भर में हो रहा था स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध
- फैसले से उपभोक्ताओं को राहत

**अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को राहत भरी खबर है। बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगवाना भले ही अनिवार्य हो लेकिन उन्हें अब यह विकल्प चुनने का अधिकार मिल गया है वह अपना मीटर पोस्टपेड तरीके से ही चलाना चाहते हैं या प्रीपेड। विभाग ने स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता खत्म कर विकल्प चुनने की छूट दे दी है।

बिजली विभाग ने जिले भर में स्मार्ट मीटर लगाए हैं जिनका विरोध हो रहा था। प्रदेश में कई जगहों पर स्मार्ट मीटर का विरोध हुआ था। इसके बाद अब बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को कुछ राहत दी है जिसमें उपभोक्ता यदि न चाहे तो जबरन स्मार्ट मीटर नहीं लगेगा। पोस्टपेड विकल्प में चलने वाले स्मार्ट मीटर में सामान्य मीटर की तरह ही महीने के आखिर में एक बार बिल आएगा। बकाया बिल पर चक्रवृद्धि ब्याज भी देना होगा, लेकिन उपभोक्ता बिजली के स्मार्ट मीटर को प्रीपेड तरीके से इस्तेमाल करता है तो वह प्रीपेड स्मार्ट मीटर पर मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ ले सकता है जिनमें बिजली विभाग द्वारा बनाए गए ऐप के जरिए रियल टाइम पर बिजली खपत की जानकारी, सटीक बिलिंग, आसान भुगतान, सोलर पैनल के साथ स्मार्ट मीटर का उपयोग और ऑनलाइन रिचार्ज पर मिलने वाली छूट समेत राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को यह अतिरिक्त सुविधा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा 1 अप्रैल को जारी उस नए संशोधन के बाद आया है जिसमें ''अनिवार्य प्रीपेड'' की शर्त को हटा दिया है। अर्थात स्मार्ट मीटर लगवाना अभी भी अनिवार्य है, लेकिन इस नए संशोधन से आपको पोस्टपेड या प्रीपेड के विकल्प का अधिकार मिल गया है। अब उपभोक्ताओं को यह चुनने की आजादी होगी कि वे पोस्टपेड (पहले बिजली इस्तेमाल करें, फिर बिल भरें) विकल्प में रहना चाहते हैं, या प्रीपेड (पहले रिचार्ज करें) विकल्प को अपनाना चाहते हैं।

बिजली उपभोक्ताओं को यह समझना जरूरी है कि स्मार्ट मीटर सिर्फ एक मीटर है, जिसका काम सिर्फ बिजली खपत की रीडिंग करना है। बिजली का टैरिफ रेट संबंधित राज्य विद्युत नियामक आयोग हर साल तय करता है और उसी के मुताबिक बिजली बिल बनता है।

बिजली विभाग के अनुसार उपभोक्ताओं को किसी भी तरह की अफवाह अथवा भ्रम में आने की जरूरत नहीं है। सभी उपभोक्ता बिना किसी भ्रम में आए इस बदलाव को अपना सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अचानक गिरा छत का मलबा, महिला घायल

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव मोंगर निवासी भूरी पत्नी नरेश पटेल मंगलवार को घर में काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक घर की छत का कुछ मलबा टूटकर महिला के ऊपर गिर गया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर चीख-पुकार सुनकर मौके पर परिजनों ने महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां महिला का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि महिला के मकान का लिंटर काफी समय से क्षतिग्रस्त था।

### एक दिवसीय वर्ग के लिए विहिप ने तैयार की रूपरेखा

**बदायूं, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष नीरज रस्तोगी के आवास पर संगठन की बैठक हुई। मई महीने में होने वाले एक दिवसीय वर्ग की रूपरेखा तैयार की गई। बजरंग दल, मात्र शक्ति, दुर्गा वाहिनी, प्रांत शिक्षा के होने वाले वर्गों को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही, मुख्य अतिथि प्रांत मंत्री अनुज कुमार सिंह ने बीते दिनों हुए रामोत्सव कार्यक्रम और धर्म रक्षा निधि की समीक्षा की। कार्यक्रम का संचालन संगठन के जिला मंत्री विनय प्रताप सिंह ने किया। बैठक में विभाग संगठन मंत्री योगेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा, डीएन शर्मा, महेंद्र पाल सिंह, सह जिला मंत्री राजेश बाबू, जिला कोषाध्यक्ष नीरज कोचर, बजरंग दल के सह सयोजक उत्कर्ष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### वन विभाग के अधिकारियों ने पकड़ी नीम की लकड़ी से भरी ट्राली

**कुंवर गांव, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में हरे वृक्षों का कटान जारी है। वन विभाग के अधिकारियों ने थाना पुलिस के सहयोग से नीम की लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा जिसे सीज करते हुए पुलिस के हवाले कर दिया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव मौजमपुर छज्जू में गांव निवासी के यहां लगे पेड़ को कटा गया था जिसकी लकड़ी ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले जाया जा रहा था। इसकी सूचना किसी ने नवादा चौकी पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना देकर बुला लिया। वन विभाग के अधिकारियों ने लकड़ी से भरी हुई ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया जिसे सीज कर दिया है। वन विभाग के अधिकारी लकड़ी काटने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं।

# पेड़ पर लटका मिला आठ साल के बालक का शव

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव तिगरा के पास मंगलवार दोपहर खेत में पेड़ पर आठ साल के बच्चे का शव फंदे पर लटका मिला। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। शव को नीचे उतारा गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव तिगरा निवासी विजय सिंह यादव खेती बाड़ी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनके तीन बेटे हैं जिसमें मंझला आठ साल का बेटा विशाल मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे गांव की किराना की दुकान पर सामान ले रहा था। इसी दौरान विजय सिंह यादव ने घर जाने की बात कही थी। दोपहर लगभग साढ़े तीन घंटों के बाद गांव निवासी विजय और अजय गेहूं की कटाई करने के लिए खेत पर जा रहे थे। उन्होंने खेत में पेड़ पर विशाल का शव लटका देखा। उन्होंने विशाल के परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि विशाल के मुंह से खून निकल रहा था। शव को नीचे उतारकर डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। बच्ची की हत्या करके शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया।

# गंगा में लापता बच्चों का सुराग नहीं

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र में गांव खजुरा नगला पुख्ता निवासी जमादार के दो बेटे केशव और गुड्डू गंगा में लापता हो गए थे। तीसरे दिन भी तलाश करने के बाद उनका कुछ पता नहीं चल सका है। उसहैत के थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने मंगलवार को वोट में बैठकर गंगा में तलाश करते रहे। एसडीआरएफ और गोताखोरों ने हादसा स्थल से आठ किमी दूर तक तलाश किया लेकिन पता नहीं चल सका।


एसडीआरएफ के साथ गंगा में लापता बच्चों को तलाश करते थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह।

**महिला से मारपीट, दो ससुर पर छेड़छाड़ का आरोप :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसका अपने पति और ससुरालीजनों से विवाद हुआ था जिसके बाद वह मायके चली गई थी। 6 अप्रैल सुबह साढे.नौ बजे वह अपनी ससुराल गई थीं। अपने बच्चों के लिए कपड़े और अन्य सामान लेना था। आरोप है कि इसी दौरान महिला के सगे ससुर और चचिया ससुर ने गाली-गलौज करते हुए महिला को लाठी-डंडों से बुरी तरह से पीटा।

आरोप है कि दोनों ससुर ने छेड़छाड़ भी की। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग आए और उन्होंने बीच बचाव किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# अवैध डोडा छिलका के साथ पुलिस ने दो तस्कर दबोचे

**संवाददाता, बिल्सी, अमृत विचार :** बिल्सी पुलिस ने अवैध डोडा छिलका की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 40 किलो 800 ग्राम डोडा छिलका और एक अर्टिगा कार बरामद की है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 6 लाख 12 हजार रुपये आंकी गई है। कोतवाल प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम अंबियापुर चौराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम बैरमई बुजुर्ग के पास लड्डा फार्म के समीप दो संदिग्धों को रोका गया। तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में अवैध डोडा छिलका और एक अर्टिगा कार बरामद हुई।

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मुशीर अहमद निवासी मोहल्ला नाहर खां सराय नई बस्ती, कोतवाली बदायूं और अजय कुमार निवासी ग्राम किसुपुरा, थाना कादरचौक, बदायूँ बताए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा है।


स्थानांतरित विजयेंद्र द्विवेदी को विदाई देतीं एसएसपी अंकिता शर्मा। साथ में मौजूद एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया व सीओ। ● अमृत विचार

### स्थानांतरित होने पर विजयेंद्र द्विवेदी को दी विदाई

**बदायूं, अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एसएसपी अंकिता शर्मा ने स्थानांतरित हुए एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी को स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी। उनके कार्यों की सराहना की। उनका स्थानांतरण प्रयागराज के 4वीं वाहिनी पीएसी में उपसेनानायक पद के लिए हुआ है। सभी सीओ ने भी माल्यार्पण करके विदाई दी। कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में कानून व्यवस्था बनाए रखी। अपराध नियंत्रण, जनसेवा की दिशा में बेहतरीन योगदान दिया। एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया, नवनियुक्त एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक इंद्रजीत सिंह उपस्थित रहे।

### शहीद अग्निशमन कर्मियों को अर्पित की पुष्पांजलि

**बदायूं, अमृत विचार :** अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस के अवसर पर अग्निशमन व आपात सेवा विभाग के कार्यालय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्टाफ ने शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अग्निशमन अधिकारी रामराजा यादव के साथ अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखा गया। जिसके बाद फ्लैग मार्च निकाला गया। रास्ते में आमजनों को पिन फ्लैग लगाए। शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। जगह-जगह पंपलेट वितरित किए।

# सांसद ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सपा से बदायूं सांसद आदित्य यादव ने दो गंभीर घटनाओं को लेकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने प्रशासन से दोनों मामलों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई की मांग की।

सबसे पहले सांसद आदित्य यादव बिल्सी क्षेत्र में दुष्कर्म की शिकार मासूम बच्ची का हाल जानने के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे। पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। घटना पर गहरा दुख जताया। संबंधित अधिकारियों से बात कर आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। सांसद ने कहा कि इस तरह की जघन्य घटनाओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषी को कानून के तहत कड़ी सजा दिलाई जाएगी जिसके बाद वह जिला संभल के गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र के धनारी थाना इलाके के गांव मलुआ (घेर भिरावटी) पहुंचे।

जहां दो अप्रैल से लापता पिता-पुत्र नरेश और भीमसेन के शव मिलने के बाद शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। कहा कि घटना बेहद दुखद और चिंताजनक है।


पीड़ित परिवारों से बात करते सांसद आदित्य यादव। ● अमृत विचार

# सांड को मारा भाला पुलिस ने किया शांतिभंग में चालान

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव मोंगर में एक युवक ने सांड को भाला मार दिया। सांड तड़पता रहा जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा न पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने आरोपी नरेश सिंह को पकड़ा और शांतिभंग में चालान कर दिया। शाम को युवक वापस घर पहुंच गया। पशु प्रेमी ने इसकी निंदा की और सोशल साइट एक्स पर एसएसपी को मामले से अवगत कराया। कहा कि पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई करके पल्ला झाड़ लिया जबकि आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई होनी चाहिए थी।

# ट्रेन संचालन पर केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद में वाकयुद्ध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा, सांसद मुंह दिखाने लायक नहीं, सांसद बोले- चुनाव लड़कर देखें बीएल वर्मा
- सांसद के एक्स पर पोस्ट करने पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने दी खुले मंच पर चर्चा करने की दी चुनौती


बीएल वर्मा, केंद्रीय राज्यमंत्री


राजीव गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष


आदित्य यादव, सांसद

**अमृत विचार :** सोमवार के दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद बयानबाजी शुरू हो गई है। सेवा के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने सांसद आदित्य यादव के कार्यक्रम में न आने पर टिप्पणी की थी जिसके बाद सांसद ने पलटवार करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री को चुनाव लड़ने की चुनौती दी। इस पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने सांसद को खुले मंच पर चर्चा करने की चुनौती दी।

रेल सेवा के उद्घाटन के लिए सपा से बदायूं सांसद आदित्य यादव को भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन वह कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। केंद्रीय राज्यमंत्री से पूछे गए सवाल में उन्होंने कहा था कि सांसद मुंह दिखाने के लायक नहीं हैं। इस पर सांसद ने सोशल साइट्स पर टिप्पणी की है। इसमें उन्होंने लिखा कि बाबा साहब ने कहा था कि अधिकार छीने जाते हैं, भीख में नहीं मिलते। बदायूं की इंटरसिटी ट्रेन जनता के संघर्ष की जीत है, किसी मंत्री की खैरात नहीं। मेडिकल कॉलेज की बदहाली, एचपीसीएल प्लांट पर हुई हत्याएं, जिले की चरमराई कानून-व्यवस्था की नाकामी का श्रेय कौन लेगा ? 10 साल की सरकार और 6 साल की सांसदी के बाद भी झोली खाली है, इसलिए दूसरे के काम पर अपनी मुहर लगा रहे हैं। उन्होंने लिखा कि अगर लोकप्रियता पर इतना गुमान है तो चुनाव मैदान में उतरिए, बदायूं की मिट्टी और बाबा साहब के दिए वोट की चोट आपका भ्रम एक दिन में साफ कर देगी। अब श्रेय का नहीं, हिसाब का वक्त है। सांसद की टिप्पणी पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि देश के वंचितों के अधिकार लूट कर लंबे समय से एक परिवार विशेष को पोषित करने वाले, परिवारवादी संस्कृति के ध्वज वाहक, सांसद आदित्य यादव जिले के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होने वाली ट्रेन सेवा का भी वह खुले ह्रदय से स्वागत करने का साहस नहीं जुटा सके। सांसद जवाब दें कि 25 साल से ज्यादा अवधि तक बदायूं लोकसभा से सपा सांसद जनता के संघर्षों को नजरअंदाज क्यों करते रहे। उनकी प्राथमिकता में बदायूं की बजाय सैफई रहा। बदायूं में किसान परिवार में जन्मे केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा का 6 साल का कार्यकाल उन सांसदों के कार्यकाल पर भारी पड़ रहे हैं जिसका जनता स्वागत कर रही है। उन्होंने सांसद को खुले मंच सार्वजनिक चर्चा की चुनौती दी और कहा कि वह गंगा एक्सप्रेस वे, उझानी रिंग रोड, विभिन्न अंडरपास, अमृत योजना के अंतर्गत बदायूं व उझानी रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण, बरेली-मथुरा फोरलेन जैसे कई परियोजनाओं पर चर्चा को सांसद स्थान व समय तय कर लें। उन्होंने विश्वास जताया कि इस खुली चर्चा में विकास की परियोजनाओं के सामने सपा पार्टी का घराना निरुत्तर हो जाएगा।


आवश्यकता है

- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मैंने अपने पुत्र मो. अशरफ उसकी पत्नी राबिया (पुत्रवधु) के कृत्यों से तंग आकर उनसे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। **बन्नो बेगम पत्नी स्व. छोटे ग्राम अटंगाचांदपुर नवाबगंज बरेली।**

सूचना
मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0914009 का प्रमाण पत्र एवं इंटर मीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0763698 प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **अंजली कश्यप पुत्री जेव लाल निवासी नई बस्ती खलीलपुर सीबीगंज बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे समस्त मूल प्रमाण पत्र जिसमें मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र, बी.यू.एम.एस. की डिग्री भी शामिल है। मेरे समस्त मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। **डॉ. शबनम परवीन पत्नी अहसान पुत्री जमील अहमद नि. सी. 2483 मिनी एल.आई.जी. राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जिला लखनऊ। दिनांक: 30.03.2026**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1073811 का अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **कु. जसविन्दर कौर पुत्री प्रीतम सिंह नि कोटा खास जिला शाहजहांपुर।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जा रहा है कि मेरा नाम महजबीन था जो मैंने बदलकर महजबीन खानम रख लिया है, मेरे आधार कार्ड व हाईस्कूल की मार्कशीट पर महजबीन खानम दर्ज है, भविष्य में मुझे महजबीन खानम नाम से जाना जाये। **महजबीन खानम पूरनपुर जिला पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

